



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल






वर्ष- 13, अंक - 288 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 4 अगस्त 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# शिवनाथ में कूदे राजनांदगांव निवासी युवक के साथ मिली एक और लाश

- हसदा निवासी दूसरे युवक की मौत के कारण का नहीं हो सका खुलासा
- एसडीआरएफ व स्थानीय मछुआरों ने निकाली दोनों की लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शिवनाथ नदी पर महमरा एनीकट के पास बीती रात खुदकुशी के इरादे से छलांग लगाने वाले राजनांदगांव निवासी युवक की तलाश में जुटी गोताखोरों की टीम को उसके साथ ही एक और लाश मिलने से सनसनी फै़ल गई। आज सुबह एसडीआरएफ ने स्थानीय मछुआरों के साथ शिवनाथ नदी में पिपरछेड़ी के पास दो लाशें बरामद की। एक लाश की पहचान वर्धमान नगर राजनांदगांव निवासी ऋषभ सिंघल (26 वर्ष) के रूप में तत्काल कर ली गई। दूसरे लाश की पहचान थोड़ी देर बाद दुर्ग के नजदीक हसदा गांव निवासी प्रीतम साहू पिता आत्मा राम (28 वर्ष) के रूप में हुई है। फि़लहाल प्रीतम के मौत का कारण सामने नहीं आ सका है।



राजनांदगांव निवासी ऋषभ सिंघल बुधवार की रात 8 बजे के आसपास मोटर साइकिल पर महमरा एनीकट पहुंचा था। यहां मोटर साइकिल खड़ी कर उसने नदी में छलांग लगा दी। ऋषभ जिम जाने की बात कहकर घर से निकलने के बाद महमरा एनीकट पर आया और खुदकुशी के इरादे से नदी में कूद गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। उसके मोटर साइकिल के नंबर से परिजनों की पतासाजी कर पुलिस ने खबर किया। लेकिन रात होने की वजह से गुरुवार सुबह तलाश करने स्थानीय मछुआरों के साथ एसडीआरएफ की टीम नदी में उतरी। टीम को सफ़लता जल्दी मिल गई। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से ऋषभ सिंघल के साथ ही एक और युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। दूसरा मृतक कौन है यह सवाल अहम बन पड़ा। पुलिस ने दूसरे मृतक की पहचान की कोशिश शुरू किया तो सफ़लता जल्दी ही हाथ लग गई। दूसरे मृतक की पहचान हसदा निवासी प्रीतम साहू के रूप में कर ली गई है। लेकिन प्रीतम ने नदी में खुदकुशी किया या फि़र किसी ने हत्या के बाद उसकी लाश को बहते पानी में फेंक दिया। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। दुर्ग पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

## 15 अगस्त को माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर फहराएंगी छत्तीसगढ़ की पर्वतारोही अंकिता गुप्ता

**रायपुर।** आजादी की 75वीं वर्षगाठ के गौरवमयी क्षण को यादगार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फ्हराया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की युवा पर्वतारोही सुश्री अंकिता गुप्ता को मांउट एल्ब्रुस की चोटी पर तिरंगा प्रदान करते हुए उन्हें उनके पर्वतारोहण अभियान के लिए अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी। कबीरधाम की रहने वाली सुश्री अंकिता गुप्ता अपने पिता मदन गुप्ता के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात करने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय पहुंची थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ यादगार बनाने तथा लोगों में देशभक्ति की भावना को अक्षुण्य बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में हमर तिरंगा अभियान संचालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त से 17 अगस्त तक राज्य के सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों सहित हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फ्हराने का आग्रह हमने लोगों से किया है। सुश्री अंकिता गुप्ता ने बताया कि वह 8 अगस्त को माउंट एल्ब्रुस चोटी के फ़्तह के लिए रवाना होंगी। इस चोटी की ऊंचाई 18,510 फीट है।






# दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाने में देर रात जमकर बवाल

### महिला अपर कलेक्टर ने लगाया टीआई सहित पुलिस वालों पर शराब के नशे में अभद्रता का आरोप

### एसपी ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा एल्कोहल रिपोर्ट आया निगेटिव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** दुर्ग जिले के अम्लेश्वर थाने में बुधवार की रात को जमकर बवाल हुआ। बवाल करने वाले कोई और नहीं, महिला अपर कलेक्टर व उनके रिश्तेदार और पुलिसकर्मी हैं। महिला अपर कलेक्टर व उनके भाई, भांजे पुलिस कर्मियों से आमने-सामने हो गए हैं। दरअसल, कल महिला अपर कलेक्टर की गाड़ी को अमलेश्वर थाना प्रभारी व उनकी टीम ने रोका। इसी बात को लेकर थाने में विवाद हुआ है। दोनों पक्षों के अलग-अलग तर्क है।

महिला अपर कलेक्टर तनुजा सलाम ने भाईयों के साथ टीआई राजेन्द्र यादव द्वारा नशे में मारपीट धक्कामुक्की और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। सरगुजा में पदस्थ महिला अपर कलेक्टर तनुजा सलाम के भाई प्रणय सलाम के साथ दवाई लेने जाने के दौरान थाने के बाहर चेकिंग कर रहे टीआई पर नशे में बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। देर रात महिला अपर कलेक्टर के थाने पहुंचने पर थाना स्टाफथाने से फ़रार हो गया, यह भी खबर चल रही है। वहीं आधीरात को दुर्ग जिले के पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी समेत तहसीलदार थाने पहुंचे। टीआई समेत स्टाफ का कराया गया मेडिकल। महिला अपर कलेक्टर आईजी दुर्ग रेंज,एसपी दुर्ग से आज मिलकर करेंगी शिकायत।

इधर, एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने प्रेस रिलीज जारी कर टीआई और स्टाप को एक तरह से पाकसाफबताया है। दुर्ग पुलिस अधीक्षक की ओर से प्रेस रिलीज जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि, 3 अगस्त 2022 की रात्रि रायपुर से आने वाली गाड़ियों की चेकिंग करने पॉइंट पर थाना अमलेश्वर के सामने निरीक्षक राजेंद्र यादव उपनिरीक्षक विजय मिश्रा उप निरीक्षक सीदार व अन्य दो स्टाफचेकिंग ड्यूटी पर थे। महादेव घाट की ओर एक सफेद रंग की कार जा रही थी। जिसे रोका गया और कहां जा रहे है पूछने पर घूमने जा रहे हैं। बाद में केक लाने जा रहे हैं, यह कहा गया। गाड़ी में सामने अपर कलेक्टर लिखा था। जिसे कौन अधिकारी बैठे हैं पूछे जाने पर नहीं बैठे हैं, बताया गया। तब निरीक्षक राजेंद्र यादव द्वारा कहा गया कि जब अधिकारी नहीं रहते तब इसे लाल पट्टी से ढक दिया करो। गाड़ी का दुरुपयोग मत करो, रात में मत घूमो, गाड़ी को वापस कराया गया। इस बात पर अपर कलेक्टर अंबिकापुर तनुजा सलाम उनके भाई भांजे के साथ थाना आकर सभी स्टाफ शराब के नशे में हैं और बदतमीजी से बात कर गाली गलौज किए हैं। आरोप रात्रि गश्त टीम पर लगाया गया। तनुजा सलाम मैडम द्वारा नायब तहसीलदार पाटन डीकेश्वर साहू, नायब तहसीलदार आलोक वर्मा को उपस्थित स्टाफ का एमएलसी कराने डॉक्टर को झीट से बुलवाया गया। जिसमें अन्य स्टाफमें अल्कोहल सेम्पल नेगेटिव पाया गया।




# रक्षा बंधन के त्यौहार में इस बार होम मेड - हैंड मेड राखियों से सजेंगी भाईयों की कलाइयां



- गाँव के बाजार और दुकानों में 5 रुपए से लेकर 65 रुपए तक के दाम में उपलब्ध होंगी हैंड मेड राखियाँ
- बिहान की दीदियां कर रही हैं राखी तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** रक्षा बंधन भाई और बहन के अपार स्नेह का प्रतीक है और जब बिहान की दीदियों ने अपने हाथों से रेशमी धागों, मोती, रुद्राक्ष और अक्षत से राखियाँ तैयार कर रही हैं तो इस स्नेह के बंधन में अपनी कला संस्कृति की महक के साथ आंचलिक रंग भी मौजूद रहेगा। एक तरफ परंपरा को पुनर्जीवित किया जा रहा है तो दूसरी तरफ महिलाओं के लिए आजीविका के स्रोत भी बन रहे हैं। जिले के ब्लाक पाटन के ग्राम पंचायत नवागांव (बी) में भारत माता वहिनी स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। जिसमें कई प्रकार के खाद्य सामग्री जैसे गेहुँ, धान, मसुर दाल, चावल, धागा, मोती, छोटी बड़ा धागा, स्टोन मोती, गोल्डन स्टोन ये सभी प्रकार के समान से राखी बनाने का काम नवागांव (बी) की महिलाएं समुह के द्वारा अपने हस्त कला से कर रही है।

इसमें राखी बनाने में कुल लागत 2,500 रू. और अभी तक राखी बेचकर 4,000रू. आय प्राप्त हुआ हैं। समुह की महिलाएं अपने समान की बिक्री के लिए हाट बाजार फैंसी स्टोर, गांव में अपनी ब्रिकी करती है। अभी हाल ही में आनी समूह की राखी को सी-मार्ट में बिक्री के लिए उपलब्ध करा रही है। समूह द्वारा राखी बनाकर जो लाभ हुआ है। उस लाभ से समूह की दीदियों ने अब रूई-बाती बनाने की मशीन लेकर, आगामी आने वाले तीज और अन्य त्यौहारो के लिए रूई और बाती बना रही है। समूह की महिलाओं ने एक के बाद एक स्व-रोजगार की ओर अपना कदम बढ़ा रही है।

स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने गांव के बाजार और दुकानों के माध्यम से राखियाँ उपलब्ध कराई जाएंगी। ये राखियाँ 5 रुपए से लेकर 65 रुपए तक कि कीमत में उपलब्ध होंगी।

सांकरा में कुमकुम स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी राखियाँ तैयार की जा रही हैं। वहीं जनपद पंचायत धमधा में ग्राम पंचायत रौदा की समृद्धि स्व-सहायता समूह की श्रीमती कॅवरा चतुर्वेदी ने बताया कि रेशमी धागों, मोती, रुद्राक्ष और अक्षत से अभी तक 6,000 रू. की राखी की बिक्री की जा चुकी है। अपने बिक्री के लिए आस-पास के दुकानों में सम्पर्क ब्रिकी करती है।






# तिरंगे पर प्रायश्चित की जद्दोजहद



दीपक रंजन दास

भूल किसी से भी हो सकती है। एक भूल किसी का पूरा जीवन नष्ट नहीं कर सकती। प्राय: सभी धर्मों में भूल का प्रायश्चित्त करने का विधान भी है। आजादी की लड़ाई और 15 अगस्त 1947 में मिली आजादी को लेकर भी कुछ लोगों में उस समय संशय था। उन दिनों राजनीतिक हालात तेजी से बदल रहे थे। कभी भी कुछ भी हो जाता था। कुछ लोगों की अंग्रेजों की सूझबूझ में बड़ी आस्था थी। वो उनसे राजनीति का ककहरा सीख रहे थे। उन्होंने अंग्रेजों से वादा भी किया था कि आइंदा वे आजादी का नाम कभी भी अपनी जुबान पर नहीं लाएंगे। उन्होंने इसका पालन भी किया। जब देश आजाद हुआ तो शायद उन्हें लगा था कि यह स्थिति कुछ ही दिनों की है। अंग्रेज अवश्य कुछ न कुछ करेंगे। पर देश की आजादी लंबी खिंचती चली गई। तब जाकर उन्होंने नई रणनीति पर काम करना शुरू किया। आजादी के साथ ही देश को एक त्रासदी भी झेलनी पड़ी थी- मुल्क का बंटवारा। बंटवारा अपने साथ लूटपाट, हत्या और बर्बरता का सैलाब लेकर आया था। इस त्रासदी के बावजूद भारत ने संयम से काम लिया और सभी को साथ में लेकर आगे बढ़ने की रणनीति पर अडिग रहा। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए भी उपाय किये। कालांतर में अन्य राजनीतिक मतों का उदय हुआ। वोट बैंक की जरूरत पड़ी और अल्पसंख्यकों का उपयोग वोटबैंक के रूप में किया जाने लगा। अल्पसंख्यक वोट बैंक की राजनीति ने बहुसंख्यक वोट बैंक की जमीन तैयार कर दी। पहले पहल तो इस रणनीति का कोई बहुत ज्यादा फ़ायदा नहीं मिला पर जैसे ही सोशल मीडिया का पदार्पण हुआ, इसे पंख लग गए। बिरयानी-शेरवानी-गजल संस्कृति पर क्लब-पब-पॉप संस्कृति भारी पड़ गई। लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखे एक-एक शब्द को सच मान लिया। राष्ट्रीय मीडिया भी दो भागों में बंट गया। इसका प्रभाव पूरे देश में देखने को मिला। पर इधर कुछ दिनों से युवा वर्ग में राजनीति के प्रति अरुचि देखी जा रही है। युवा कार्यकर्ताओं में नशेड़ी ही ज्यादा दिखाई देने लगे हैं। शेष युवा अपने करियर को लेकर संजीदा हैं। न तो वे अखबार पढ़ते हैं और न ही राजनीतिक मसलों पर बहस करते हैं। उन्हें घंटा फ़र्क नहीं पड़ता कि सरकार किसकी बन रही है। उसका भविष्य कॉर्पोरेट में सुरक्षित है। पर राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, सेना और तिरंगे को लेकर वह बेहद संवेदनशील है। एकाएक उमड़ा तिरंगा प्रेम इसीलिए है। वही तिरंगा जिसे कभी ज्यादा भाव नहीं दिया-जिसे फ़हराने तक से परहेज किया, उसे अब घर-घर पहुंचाने की जिम्मेदारी मिली है। यही प्रायश्चित्त है। वैसे इससे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर भी प्रायश्चित्त किया जा चुका है। समझ में आ गया है कि इस देश को सभी ने अपना प्यार दिया है, अपने खून से सींचा है। यह देश 135 करोड़ लोगों की मातृभूमि है, इसे स्वीकारने में ही गति है।



## संपादकीय

# चीनी आपत्ति

चीनी साम्राज्यवाद वैश्विक राजनीति में लगातार तनाव बढ़ा रहा है। वह जिन इलाकों को कागज पर ही सही, अपना हिस्सा मानता है, उनके प्रति उसकी आक्रामकता सरासर अनुचित है। उसकी अशालीन प्रवृत्ति सिर्फ दावे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसके आगे बढ़कर वह बयान देता है और अपनी हरकतों से नाराजगी दर्शाता है। अमेरिकी नेता नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा पर चीन ने जो तनाव पैदा किया है, उसकी प्रशंसा कोई भी लोकतंत्र या अमनपसंद देश नहीं करेगा। चीन अमेरिकी स्पीकर पेलोसी के ताइवान दौरे को अगर चुनौती के रूप में देख रहा है, तो उस तक संदेश साफ शब्दों में पहुंचना चाहिए। पेलोसी की यात्रा के जरिये अमेरिका ने चीन को ताइवान के मुद्दे पर ललकारकर एक तरह से ठीक ही किया है। ताइवान का स्वतंत्र वजूद नया नहीं है। वह एक संप्रभु राष्ट्र है, लेकिन चीनी साम्यवादी सत्ता ने अपने उत्थान के दिनों में जो आक्रामक सपने संजोए थे, उन्हें साकार कर लेना चाहता है। यह एक तरह से दुनिया में बढ़ती चीनी ताकत का दुष्परिणाम है। वह रणनीति के तहत ऐसे तनाव पैदा कर रहा है कि आसानी से उसका साम्राज्यवादी सपना साकार हो जाए।

> अब चीन ने ताइवान के भयादोहन के लिए कहा है कि वह ताइवान के पास युद्धाभ्यास करेगा। हालांकि, ताइवान ने भी पूरी मजबूती का परिचय दिया है। अगर दुनिया ताइवान के साथ खड़ी नहीं होगी, तो यकीन मानिए, दुनिया मध्ययुग की तरह ही कब्जे की लड़ाई में लग जाएगी। जो देश आज चुप रह जाएंगे, उन्हें शायद भविष्य में कोई न कोई कीमत चुकानी पड़ेगी।

नैन्सी पेलोसी ताइवान से दक्षिण कोरिया के लिए निकल चुकी हैं। खास यह है कि पहले चीन ने ऐसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की थी कि अमेरिकी नेता ताइवान आने से परहेज करें। चीन ने एक तरह से सीधे सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे डाली थी। हालांकि, अमेरिका ने भी उचित ही न झुकने का इरादा स्पष्ट कर दिया है। आज बड़े व आक्रामक देशों के पड़ोस में स्थित छोटे देशों की संप्रभुता की रक्षा जरूरी है। कायदे से चीन को ज्यादा जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए, लेकिन उसने रणनीति के तहत केवल रूस से लगती अपनी सीमा का समाधान किया है। भारत सहित बाकी देशों के साथ वह सीमा विवाद को जारी रखे हुए है। यह अब स्पष्ट है कि रूस हर तरह से चीन के साथ है। कहीं न कहीं रूसी नेता पुतिन की योजना भी साम्राज्यवादी है और इसलिए वह यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे हैं। यह भारत के लिए चिंता की बात है। ताकतवर देश अगर इस तरह से पड़ोसी देशों या उनकी जमीन पर दावा करने लगेंगे, तो यह गलत प्रवृत्ति भविष्य में क्या रूप लेगी? एक भी उदार या छोटा देश सलामत नहीं रह सकेगा। राष्ट्रीयता, परंपरा, इतिहास की उपेक्षा करके केवल भूखंड के लिए चल रही यह लड़ाई कहां पहुंचकर रुकेगी?

अफसोस कि ख्वाब से उपजे दावों की इस गलत परिपाटी का कोई इलाज संयुक्त राष्ट्र के पास भी नहीं है। संयुक्त राष्ट्र नव-साम्राज्यवाद के समक्ष नाकाम है। उससे ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। रूस-यूक्रेन मामले में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका हम देख ही चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में रूस और चीन, दोनों ही देशों की मंजूरी जरूरी है। दोनों अगर मिल जाएं, तो संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों को निष्प्रभावी बना सकते हैं। ऐसे में, ताइवान का भविष्य क्या होगा? क्या चीन सैन्य कार्रवाई करेगा? क्या अफगानिस्तान से हाल ही में भागा अमेरिका ताइवान में अपनी सेना उतारेगा? अब चीन ने ताइवान के भयादोहन के लिए कहा है कि वह ताइवान के पास युद्धाभ्यास करेगा। हालांकि, ताइवान ने भी पूरी मजबूती का परिचय दिया है। अगर दुनिया ताइवान के साथ खड़ी नहीं होगी, तो यकीन मानिए, दुनिया मध्ययुग की तरह ही कब्जे की लड़ाई में लग जाएगी। जो देश आज चुप रह जाएंगे, उन्हें शायद भविष्य में कोई न कोई कीमत चुकानी पड़ेगी।

## ममता सरकार की दुर्दशा

प. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार भयंकर दुर्गति को प्राप्त हो गई है। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि ममता बेनर्जी की सरकार इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर सकती है। ममता के राज में मैं जब-जब कोलकाता गया हूँ, वहां के कई पुराने उद्योगपतियों और व्यापारियों से बात करते हुए मुझे लगता था कि ममता के डर के मारे अब वे कोई गलत-सलत काम नहीं कर पा रहे होंगे लेकिन उनके उद्योग और व्यापार मंत्री पार्थ चटर्जी को पहले तो जांच निदेशालय ने गिरफ्तार किया और फिर उनके निजी सहायकों, मित्रों और रिश्तेदारों के घरों से जो नकद करोड़ों रु. की राशियां पकड़ी गई हैं, उन्हें टीवी चैनलों पर देखकर दंग रह जाना पड़ता है।

अभी तो उनके कई फ्लेटों पर छापे पड़ना बाकी है। पिछले एक सप्ताह में जो भी नकदी, सोना, गहने आदि छापे में मिले हैं, उनकी कीमत 100 करोड़ रु. से भी ज्यादा का ही अनुमान है। यदि जांच निदेशालय के चंगुल में उनके कुछ अन्य मंत्री भी फंस गए तो यह राशि कई अरब तक भी पहुंच सकती है। बंगाल के मारवाड़ी व्यवसायियों का खून चूसने में ममता सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। पार्थ चटर्जी सिर्फ तीन विभागों के मंत्री ही नहीं है। उन्हें ममता बेनर्जी का उप-मुख्यमंत्री माना जाता है।

इस हैसियत में ममता का सारा लेन-देन वही करते रहे हों तो कोई आश्चर्य नहीं है। वे पार्टी के महामंत्री और उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्हें बंगाल के लोग पार्टी की नाक मानते रहे हैं। इसीलिए उनकी गिरफ्तारी के छह दिन बाद तक उनके खिलाफ पार्टी ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटता रहा। तृणमूल के नेता भाजपा सरकार पर प्रतिशोध का आरोप लगाते रहे।

अब जबकि सारे देश में ममता सरकार की बदनामी होने लगी तो कुछ होश आया और पार्थ चटर्जी को मंत्रिपद तथा पार्टी की सदस्यता से बर्खास्त किया गया है। यह बर्खास्तगी नहीं, सिर्फ मुअत्तिली है, क्योंकि पार्टी प्रवक्ता कह रहे हैं कि जांच में वे खरे उतरेंगे, तब उनको उनके सारे पदों से पुन: विभूषित कर दिया जाएगा। यह मामला सिर्फ तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार का ही नहीं है। देश की कोई भी पार्टी और कोई भी नेता यह दावा नहीं कर सकता कि वे भ्रष्टाचार-मुक्त हैं।

भ्रष्टाचार के बिना याने नैतिकता और कानून का उल्लंघन किए बिना कोई भी व्यक्ति वोटों की राजनीति कर ही नहीं सकता। रूपयों का पहाड़ लगाए बिना आप चुनाव कैसे लड़ेंगे? अपने निर्वाचन-क्षेत्र के पांच लाख से 20 लाख तक के मतदाताओं को हर उम्मीदवार कैसे पटाएगा? नोट से वोट और वोट से नोट कमाना ही अपनी राजनीति का मूल मंत्र है। इसीलिए हमारे कई मुख्यमंत्री तक जेल की हवा खा चुके हैं। नोट और वोट की राजनीति विचारधारा और चरित्र की राजनीति पर हावी हो गई है।

**वेद प्रताप वैदिक**

> **चीन और अमेरिका बेशक इस मुद्दे पर एक-दूसरे से टकराते रहें, लेकिन ताइवान अन्य देशों के लिए कोई बडा मसला नहीं है। भारत ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है कि वह चीन के पक्ष में है या ताइवान के या फिर अमेरिका के। भारत लोकतंत्र समर्थक है और पेलोसी की यह यात्रा उसके हितों पर कोई चोट नहीं कर रही। फिलहाल, चिंता की लकीरें शी जिनपिंग के माथे पर होंगी। ताइवान को बेजा अहमियत देने के कारण उनके लिए मुंह छिपाने जैसी स्थिति बन गई है।**

# ड्रैगन के लिए मुंह छिपाने की नौबत

श्रीकांत कोंडापल्ली, प्रोफेसर, चाइना स्टडीज, जेएनयू

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ताइवान का दौरा पूरा कर दक्षिण कोरिया पहुंच चुकी हैं। उनकी ताइपे यात्रा को लेकर माहौल जितना गरम था, अब उतनी ही शांति है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 'प्लेइंग विद द फायर' (आग से खेलना) जैसे शब्दों से यह आशंका जताई गई थी कि चीन इस दौरे के खिलाफ अमेरिका से पारंपरिक जंग की शुरुआत कर सकता है। उसने ताइवान के आसपास युद्धपोत भी तैनात कर दिए थे। बावजूद इसके पेलोसी मंगलवार को ताइवान पहुंचीं और बुधवार को वहां से विदा हो गईं।

पेलोसी पिछले ढाई दशक में ताइवान पहुंचने वाली अमेरिका की सबसे बड़ी नेता हैं। प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष होने के नाते उनका कद राष्ट्रपति व उप-राष्ट्रपति के बाद सबसे बड़ा है। देखा जाए, तो उनका यह दौरा अप्रत्याशित था। अभी अमेरिका, चीन और ताइवान, तीनों देश अपनी-अपनी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा और खाद्यान्न संकट के साथ-साथ कमजोर होती अर्थव्यवस्था और कोविड दुष्प्रभाव इन सभी देशों के लिए बड़ी समस्या है। इसके अलावा, अमेरिका जहां बढ़ती महंगाई दर (आठ फीसदी) से भी मुकाबिल है, तो चीन धीमी विकास दर (अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने इस साल 3.3 फीसदी विकास दर का अनुमान लगाया है) से उबरना चाहता है। ऐसे में, पेलोसी का ताइवान जाना बहुत आवश्यक नहीं था।

दरअसल, इस दौरे को लेकर तनाव तब बढ़ा, जब एक 'वर्चुअल मीटिंग' में शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से कहा कि वह आग से खेल रहे हैं। जब कोई राष्ट्रपति ऐसे शब्दों का प्रयोग अपने समकक्ष के साथ करता है, तो कूटनीतिक अर्थों में इसे युद्ध की भाषा माना जाता है। बाद में इन्हीं शब्दों को चीन के कई अन्य नेताओं ने भी दोहराया। आखिर उन्होंने पेलोसी के दौरे को इतनी अहमियत क्यों दी? दरअसल, प्रथम चीन-जापान युद्ध का अंत 1895 में जिस शिमोनोस्की समझौते से हुआ था, उसने ताइवान को जापान के हवाले कर दिया था। यह चीन के लिए लज्जा की बात मानी गई, क्योंकि तब तक वह ताइवान को अपने अधीन करने की योजना बना चुका था। इस बात की खटास चीनियों के मन में इतनी गहरी है कि आज भी वहां देशद्रोही या गद्दार को लु हुं चेंग (चीन का अंतिम शाही राजवंश किंग का कूटनीतिज्ञ और चीनी नेता) कहा जाता है, जिन्होंने शिमोनोस्की समझौता किया था। यह शब्द उतना ही भयावह है, जैसे अपने यहां जयचंद। चूंकि ताइवान को चीन अब भी अपना हिस्सा मानता है, इसलिए पेलोसी की यात्रा उसे नागवार गुजरी।



अब तमाम धमकी के बावजूद पेलोसी ताइवान से सुरक्षित विदा हो चुकी हैं। हवाई व समुद्री मार्ग बंद करने का चीन का दावा भी खोखला नजर आया। लिहाजा शी जिनपिंग की चिंता यह है कि उन्हें भी कहीं लोग लु हुं चेंग कहकर संबोधित न करने लगें। अगले चंद महीनों में उनका तीसरा कार्यकाल शुरू होने वाला है। कम्युनिस्ट पार्टी के 100 साल पूरे होने पर दिए गए अपने संबोधन में उन्होंने स्पष्ट कहा था कि ताइवान में जो कोई दखल देगा, उसका 'सिर फोड़' दिया जाएगा। जाहिर है, पेलोसी की यात्रा को इतना महत्व देने के कारण अब उन पर काफी ज्यादा दबाव बन गया है। चीन की घरेलू राजनीति में इससे उबाल आ सकता है।

फिलहाल, चीन ने ताइवान को सामरिक रूप से घेरकर रखा है। ताइवान एक द्वीप है और समुद्री इलाके में युद्धपोत की तैनाती से उस तक वस्तुओं व उत्पादों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। हालांकि, यह माना जा रहा था कि चीन के इस कठोर कदम के बाद ताइवान का शेयर बाजार टूट जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इसका अर्थ है कि चीन की कार्रवाई को ताइवान ने बहुत तवज्जो नहीं दी है।

हालांकि, इससे अमेरिका और चीन के रिश्ते जरूर प्रभावित होंगे। उल्लेखनीय है कि ट्रंप के कार्यकाल में दोनों देशों के रिश्ते बेपटरी होने शुरू हुए थे। इसकी बड़ी वजह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप थे, जिन्होंने 2018 में शी जिनपिंग के साथ खाने की मेज पर यह दावा किया था कि अमेरिका ने 36 मिसाइल सीरिया के ऊपर गिराए हैं। यह चीन को चिढ़ाने जैसा था, क्योंकि सीरिया और रूस के साथ उसकी दोस्ती जगजाहिर है। प्रतिक्रिया में 'टैरिफवार' की शुरुआत हुई। चूंकि दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते में चीन को अधिक फायदा हो रहा था, इसलिए अमेरिका के लिए यह कोई घाटे का सौदा नहीं था। चीन को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के अपने अभियान में इसे मुद्दा भी बनाया था। बीजिंग और वाशिंगटन का विवाद तब और बढ़ गया, जब अमेरिका ने 1979 के ताइवान संबंध कानून के तहत डिफेंसिव मिसाइल ताइपे भेजे।

बीजिंग के लिए परेशानी की एक वजह ताइवान का लोकतंत्र भी है। ताइवान में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) का संविधान खुदमुख्तारी का हिमायती है। हालांकि, उसकी सरकार ने इस मुद्दे को तवज्जो नहीं दी है, क्योंकि एक तथ्य यह भी है कि ताइवान की 58 फीसदी आबादी यथास्थिति के पक्ष में है। यानी, वह न चीन के साथ जाना चाहती है और न आजाद होना चाहती है। ताइवान की आजादी को लेकर अमेरिका भी मुंह छिपाता है, क्योंकि उसे डर है कि कहीं इससे उसकी हिंद-प्रशांत नीति प्रभावित न हो जाए। चूंकि ताइवान की यथास्थिति को चीन अपने लिए खतरा मानता है, इसलिए पेलोसी की यात्रा उसके लिए मौका था कि वह इस बहाने अपना आक्रामक रुख दिखाए।

बहरहाल, इस घटना से विश्व व्यवस्था में तत्काल कोई बदलाव नहीं आने वाला। विश्व समुदाय यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा व खाद्य संकट में उलझा हुआ है। चीन और अमेरिका बेशक इस मुद्दे पर एक-दूसरे से टकराते रहें, लेकिन ताइवान अन्य देशों के लिए कोई बडा मसला नहीं है। भारत ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है कि वह चीन के पक्ष में है या ताइवान के या फिर अमेरिका के। भारत लोकतंत्र समर्थक है और पेलोसी की यह यात्रा उसके हितों पर कोई चोट नहीं कर रही। फिलहाल, चिंता की लकीरें शी जिनपिंग के माथे पर होंगी। ताइवान को बेजा अहमियत देने के कारण उनके लिए मुंह छिपाने जैसी स्थिति बन गई है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# बड़ी आर्थिक चुनौतियां, लेकिन चिंता की जरूरत नहीं

गोपालकृष्ण अग्रवाल, आर्थिक विशेषज्ञ

आज भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कई लोग बहुत चिंतित हैं। कोरोना की त्रासदी के उपरांत वैश्विक स्तर पर कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। कुछ देश अभी भी उस अवस्था से नहीं निकल पाए हैं, लेकिन भारत उन कुछ देशों में शुमार है, जो अपनी आर्थिक स्थिति संभालने में सक्षम हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय वित्तीय संस्थाओं, विशेषकर भारतीय रिजर्व बैंक एवं वित्त मंत्रालय के प्रयासों ने ठीक राह पर चलते हुए देश के आर्थिक विकास को सही पटरी पर ला दिया है। जनता की जागरूकता, नेतृत्व के निर्णय में विश्वास और संकल्प का इसमें बड़ा योगदान है।

आज हमारी अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है। हमारे सारे व्यापक आर्थिक पैमाने जैसे मुद्रा भंडार, विदेशी निवेश, निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हुई है और जीएसटी संग्रह भी लगातार बढ़ रहा है। हर माह जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा हो रहा है। प्रत्यक्ष कर के संग्रहण में भी 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हमारी आर्थिक प्रगति में देश एवं विदेशी निवेशकों का विश्वास बरकरार है। वैसे आर्थिक जगत की कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी हैं। विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति बहुत बढ़ रही है, लेकिन यूरोप एवं अमेरिका के अनुपात में भारत अभी इस चुनौती को बेहतर संभाल रहा है। भारत में मुद्रास्फीति 7 प्रतिशत है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं वित्त मंत्री ने संसद में कहा है कि हम इससे जल्द निपट लेंगे। कच्चे तेल की वैश्विक कीमत बहुत बढ़ गई है। समस्या यह है, भारत 70 प्रतिशत तेल आयात करता है, जिससे हमारे रुपये की कीमत पर असर पड़ता है। सरकार रिजर्व बैंक के माध्यम से रुपये के मूल्य को भी निर्धारित कर रही है। सरकार तेल की कीमत को रूस, ईरान से तेल आयात कर और आंतरिक रूप से वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत बढ़ाकर संभाल रही है। इधर, अच्छी बात है कि अब कच्चे तेल के दाम लगातार घट रहे हैं, तो तेल आयात सस्ते भाव पर होने लगेगा।



पीएलआई के माध्यम से सरकार मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को समर्थन देकर घरेलू उत्पादन बढ़ा रही है, जिसके कारण हमारा निर्यात बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में भी सरकार ने घरेलू खरीद को बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया है। सरकार आधारभूत ढांचे जैसे एयरपोर्ट, सड़क, जल मार्ग, रेल मार्ग में महत्वपूर्ण निवेश कर रही है, जिससे बहुत लाभ हो रहा है। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के साथ बाजार में सकल मांग बढ़े एवं उसके फलस्वरूप देश में निजी निवेश बढ़ जाए, तो इसका प्रभाव रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर भी पड़ेगा। बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती है, सरकारी विभागों में 10 लाख नियुक्तियों की घोषणा हुई है।

सरकार की जन-कल्याण योजनाएं भी कारगर साबित हो रही हैं। वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री सही कह रहे हैं कि तमाम आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था पटरी पर है और हम आर्थिक संकट से अच्छी तरह जूझ रहे हैं। हमारी आर्थिक स्थिति कतई श्रीलंका, पाकिस्तान या बांग्लादेश आदि देशों की तरह नहीं है। देश का सामूहिक संकल्प एवं सफल नेतृत्व हमें स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर आने वाले अमृत काल के लिए मजबूत नींव प्रदान कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था को और तेज गति से आगे बढ़ना है और विश्व पटल पर जो मंदी की मार पड़ रही है, उसके प्रभाव से भी बचना है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार हमें जल्दी ही करने पड़ेंगे। इसमें महत्वपूर्ण है, बिजली उत्पादन एवं वितरण में प्रदेश स्तर पर मुफ्त बिजली देने से हो रहा घाटा, इसे रोकना पड़ेगा। दुखद है, रेवड़ी के रूप में पंजाब जैसे कई प्रदेश वोट बटोरने के लिए पैसा बांटना चाहते हैं। इस प्रवृत्ति को जनता के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए रोकना पड़ेगा।

आर्थिक सुधार के तहत श्रम सुधार भी लाना है। कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव की आवश्यकता है। अमेरिका, यूरोपीय देशों, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात से मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए सरकार पहल कर रही है। सरकार जानती है कि अगर देश को विश्व में ऊंचा स्थान प्राप्त करना है, तो आर्थिक मजबूती आवश्यक है। सुधार के प्रयास लगातार चल रहे हैं। चुनौतियां अवश्य हैं, पर चिंता की जरूरत नहीं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**





उधार ऐसे चुकाओ जैसे भूखे को रोटी, प्यासे को पानी।

-अंजली जैन
7024460938

# किसानों की आय बढ़ी

अजय दीक्षित

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का एक अलग स्थान है क्योंकि देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी अभी भी गांवों में निवास करती है एवं अपनी आजीविका के लिए मुख्यत: कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। कोरोना महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र विपरीत रूप से प्रभावित हुए थे एवं इन सभी आर्थिक क्षेत्रों में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई थी। परंतु केवल कृषि क्षेत्र हो इस खंडकाल में भी अच्छी वृद्धि दर हासिल करता रहा और यह अभी भी जारी है। यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि भारत सरकार द्वारा लागू की गई आर्थिक नीतियों की बदौलत अब भारत के किसान सम्पन्न हो रहे हैं एवं भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गया है। अभी हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2021-22 के बीच भारतीय किसानों की आय औसतन 1.3 से 1.7 गुना बढ़ गई है। इसी प्रतिवेदन के अनुसार, भारत में कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी वर्ष 2014 के बाद से 1.5 से 2.3 गुना तक की वृद्धि दर्ज हुई है। इससे किसान अधिक समर्थन मूल्य वाली फसलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं एवं अपनी आय में तेज गति से वृद्धि करने में सफल हो रहे हैं। इसी प्रकार, भारत से अनाज का निर्यात भी वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गया है।

भारतीय स्टेट बैंक के साथ ही एक अन्य भारतीय संस्थान इंडियन काउंसिल ऑफ ऐग्रिकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर) द्वारा 17 जुलाई 2022 को जारी किए गए एक प्रतिवेदन में भी यह बताया गया है कि भारत में कृषि के क्षेत्र में तकनीकी विकास एवं केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही नीतियों के चलते भारत के किसानों की आर्य वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2020-21 में 150 से 200 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। किसानों की आय में हुई इस आकर्षक वृद्धि दर में बागवानी एवं पशुपालन जैसे क्षेत्रों ने विशेष भूमिका निभाई है। भारत में लगभग 14 करोड़ भूमिधारी किसान हैं इनमें से 85 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे किसान की श्रेणी के हैं जिनके पास 2 हेक्टेयर (5 एकड़) से कम भूमि उपलब्ध है। यह हर्षित करने वाला तथ्य उभरकर सामने आया है कि बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में 2013 और 2019 के बीच वार्षिक 10 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है वहीं अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रति वर्ष दर्ज हुई है। वर्ष 2014 में केन्द्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के आने के बाद से लगातार प्रयास किए जा रहें कि भारतीय किसानों की आय को दुगुना किया जाये। इस संदर्भ में केंद्र सरकार के प्रयास अब फलीभूत होते दिख रहे हैं। जैसे महाराष्ट्र में सोयाबीन एवं कर्नाटक में कपास की खेती करने वाले किसानों की आय उक्त अवधि में दुगुनी से अधिक हो गई है एवं अन्य उपजों की पैदावार लेने वाले किसानों की आय 1.3 से 1.7 गुना बढ़ गई है। सहायक एवं गैर कृषि आधारित कार्य में संलग्न किसानों की आय भी 1.4 से 1.8 गुना बढ़ गई है। नकदी फसल (कपास, सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, फल, सब्जी, आदि) लेने वाले किसानों की आय गैर-नकदी फसलें लेने वाले किसानों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भी इस सन्दर्भ में विशेष भूमिका निभाती नजर आ रही है। इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष तीन बार लगभग 10 करोड़ किसानों के खातों में रुपये 2000 (पूरे वर्ष में रुपए 6000) जमा किये जाते हैं। यह योजना वर्ष 2019 में चालू की गई थी और प्रत्येक वर्ष लगभग 63,000 करोड़ रुपये सीधे ही 10 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में जमा किये जा रहे हैं। आज भारतीय किसान न केवल अपने उसे देश के नागरिकों को अन्न उपलब्ध करा रहा है में बल्कि अब तो दुनिया के अन्य देशों की भी सहायता में आगे आ रहा है। जहां पूरी दुनिया में खाद्यान्न का संकट गहराता जा रहा है। खाद्यान्न उत्पादन के साथ ही खाद्यान्न सामग्री के निर्यात में भी भारत नित नये रिकॉर्ड बना रहा है। वर्ष 2021-22 के लिए कृषि उत्पाद का निर्यात 5000 करोड़ अमेरिकी डॉलर पार कर गया है। जो अब तक का सबसे अधिक कषि उत्पाद निर्यात है। रूस-यूक्रेन युद्ध संकट के बीच दुनिया के कई देश खाद्यान्नों के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। वहीं 2020-21 में 4187 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया था। गेहूं के निर्यात में अप्रत्याशित 273ल की वृद्धि दर्ज हुई है। जहां 2020-21 में गेहूं निर्यात 56.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था वहीं यह 2021-22 में चार गुना बढ़कर 211.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

महक सेनीटेशन

आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

Sargam Musicals

Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में

JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

लक्ष्मी ज्वेलर्स

कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



### ऐसे ही नहीं कहलाते डॉक्टर देवदूत

## हॉर्ट-रेट एवं रेस्पिरेट्री-रेट नहीं दिखाने वाले नवजात को डॉक्टर एवं अस्पताल स्टॉफ ने दिया नया जीवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। प्रसव के बाद हॉर्ट–रेट एवं रेस्पिरेट्री–रेट नहीं दिखाने वाले नवजात को डॉक्टरों एवं एसएनसीयू स्टॉफ ने अपनी कोशिशों से नया जीवन दिया है। जन्म के बाद नवजात की सांस की गति और हृदय की धड़कन नहीं चल रही थी। लगभग मृतप्राय अवस्था में एसएनसीयू के स्टॉफ नर्स ने नवजात को तुरंत एसएनसीयू में शिफ्ट किया। एसएनवीयू के प्रभारी डॉ. राजेश ध्रुव और डॉ. अंकिता की सलाह व देखरेख में स्टॉफ नर्स हेड ममता पाल एवं कोहिमा ठाकुर ने तुरंत बैगन मास्क वेंटीलेशन एवं ऑक्सीजन सप्लाई सुनिश्चित किया।**




इसके साथ ही नवजात को चेस्ट कंप्रेशन दिया गया। इसके बाद भी नवजात के शरीर में कोई हरकत नहीं होने पर उसे तत्काल जीवनरक्षक इंजेक्शन दिया गया। करीब 30 मिनट तक लगातार इन प्रक्रियाओं को दोहराने के बाद नवजात में सांस की गति एवं दिल की धड़कन उत्पन्न हुई। शरीर में हलचल शुरू होने के बाद डॉक्टरों को उम्मीद जगी कि नवजात को बचाया जा सकता है।

दंतेवाड़ा जिले के गीदम के नजदीक हारम गांव में रहने वाली पुलिस आरक्षक श्रीमती लक्ष्मी कश्यप को 19 जुलाई को जिला चिकित्सालय में नॉर्मल डिलीवरी से बेटा पैदा हुआ। प्रसव के बाद से ही नवजात का रेस्पिरेट्री–रेट एवं हॉर्ट–रेट नहीं दिख रहा था। लगभग मृतप्राय अवस्था में उसे तत्काल वहीं के एसएनसीयू में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों की सलाह पर नर्सिंग स्टॉफ की लगातार कोशिशों, जीवनरक्षक इंजेक्शन तथा बैगन मास्क वेंटीलेशन, ऑक्सीजन सप्लाई और चेस्ट कंप्रेशन के माध्यम से अस्पताल स्टॉफ को नवजात की सांस और धड़कन लौटाने में कामयाबी मिली। डॉक्टरों एवं एसएनसीयू नर्सिंग स्टॉफ की मेहनत से नवजात में हार्ट–बीट और रेस्पिरेट्री–रेट आने के बाद जांच एवं उपचार के लिए 11 दिनों तक एसएनसीयू में रखा गया।

होने के बाद किया गया डिस्चार्ज

अच्छी देखभाल और इलाज के बाद नवजात धीरे–धीरे सामान्य अवस्था में आ गया है। स्तनपान के साथ ही सामान्य शिशुओं की तरह हरकत, दिल की धड़कन एवं सांस की गति सामान्य हो गई है। सारे पैरामीटर्स सामान्य होने के बाद शिशु को अब डिस्चार्ज कर दिया गया है। शिशु के माता–पिता आरक्षक दम्पत्ति श्रीमती लक्ष्मी कश्यप और श्री दयानंद कुमार ने अपने नवजात को पुनर्जीवन देने के लिए दंतेवाड़ा जिला अस्पताल के एसएनसीयू के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टॉफ के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने एसएनसीयू स्टॉफ को हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी लगातार कोशिशों, इलाज और देखरेख से अब उनका बेटा सामान्य अवस्था में आ गया है। बेटे के पूर्णतः स्वस्थ होने से पूरा परिवार बेहद खुश है।

## कुछ ही देर में 7000 से ज्यादा लोगों ने सोशल मीडिया पर हमर तिरंगा अभियान के साथ दिखाई एकजुटता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपील किए जाने के बाद कुछ ही देर में 07 हजार से अधिक लोगों ने अपनी–अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर का उपयोग करते हुए विशेष फ्रेम में तिरंगे के साथ अपनी फोटो अपडेट कर ली है। निर्धारित फोटो फ्रेम का उपयोग करने के लिए मुख्यमंत्री ने लोगों से लिंक का उपयोग करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर भी हमर तिरंगा अभियान के लिए एकजुटता दिखाते हुए सोशल मीडिया में विशेष प्रेम में तिरंगे साथ अपनी फोटो अपडेट करें। उन्होंने कहा है कि मेरी अपील के कुछ ही देर बाद लोगों ने जिस उत्साह के साथ इसकी शुरुआत की है, उससे मैं भी उत्साहित हूं। हमें इस मुहिम को और अधिक तेज करने की जरूरत है। सुझाए गए लिंक के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा है कि 15 अगस्त, 2022 को हमारा भारत आजादी के 75 साल पूर्ण कर रहा है। यह आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली। इसके पीछे उन वीर शहीदों का बलिदान शामिल हैं, जिन्होंने हंसते हुए जान की बाजी लगा दी, ताकि आने वाली पीढ़ी एक आजाद देश की आबोहवा में सांस ले सके। आज हम उसी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और एक आजाद देश का नागरिक होने का गर्व महसूस कर पा रहे हैं।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल अपडेट करते हुए तिरंगा प्रोफाइल लगाई है। इसी के साथ 'हमर तिरंगा' अभियान की छत्तीसगढ़ में शुरुआत हुई। इस अभियान के साथ प्रदेश के हर एक घर घर में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भव्य आयोजन के साथ इस वर्ष यह उत्सव मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों से हमर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की है। हमर तिरंगा अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त के बीच घर- घर में तिरंगा फहराया जाए। इसमें सरकारी व निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे। इस अभियान को लेकर प्रशासन जोर- शोर से तैयारी कर रहा है।

### खास खबर

## हमें पता नहीं कि हमारे भीतर कितनी शक्ति है - हर्षित मुनि

**राजनांदगांव।** जैन संत हर्षित मुनि ने आज यहां कहा कि हम यह नहीं जानते कि हमारे भीतर कितनी शक्ति है। हम उस शक्ति को जागरूक करने की कोशिश नहीं करते। हम निर्धारित पात्र (रोल/ किरदार ) में ही डूबे रहते हैं। हमें उस पात्र से बाहर निकलकर जागरूक होने की जरूरत है। अगर व्यक्ति यह सोचे कि मुझे जागृत रहना है तो वह व्यक्ति हमेशा सचेत रहता है। स्थानीय समता भवन में संत हर्षित मुनि ने अपने नियमित प्रवचन में कहा कि हमें अपने पात्र की ही चिंता रहती है। हर व्यक्ति अपने रोल में इतना डूब जाता है कि वह अपने पात्र ( किरदार ) से बाहर निकलना ही नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि हमें प्रसन्न करना है तो किसे प्रसन्न करें? उन्होंने कहा कि हमें तीर्थंकर भगवान को प्रसन्न करना चाहिए। हमारे भीतर इतनी समर्पण की भावना आनी चाहिए। प्रत्येक कार्य की शुरुआत में व्यक्ति में उत्साह रहता है किंतु उसके बाद वह उत्साह खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह दीर्घकाल तक रहना चाहिए और निरंतर रहना चाहिए। संत ने कहा कि यदि किसी कार्य में लगन हो तो यह उत्साह दीर्घकाल तक बना रहता है और निरंतर रहता है । बशर्ते कि उस कार्य का निश्चय होना चाहिए। व्यक्ति को जीवन के प्रति आशान्वित रहना चाहिए। हमारे भीतर की शक्ति को जागृत करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। व्यक्ति को किसी कार्य को पूरा करने की इच्छा होनी चाहिए। संत ने फरमाया कि हमारी प्रार्थना तब पूरी होती है जब हमें प्रार्थना करने में आनंद आने लगे। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए उसका दीर्घकाल उत्साह, निश्चय और उस कार्य के प्रति लगन व श्रद्धा आवश्यक है। यह जानकारी विमल हाजरा ने दी।

## मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को बड़ी सफलता: प्रदेश में 3 साल में 2 लाख से ज्यादा बच्चे कुपोषण से बाहर

### राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में कुपोषण की दर 6.4 प्रतिशत कम होकर 31.3 प्रतिशत हुई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कुपोषण मुक्ति के लिए शुरू किए गए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले तीन सालों में प्रदेश के लगभग दो लाख 11 हजार बच्चे कुपोषण के चक्र से बाहर आ गए हैं। जबकि वर्ष 2019 में इस अभियान के शुरू होते समय कुपोषित बच्चों की संख्या 4 लाख 33 हजार थी। इस प्रकार कुपोषित बच्चों की संख्या में 48 प्रतिशत की कमी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके साथ ही योजना के तहत नियमित गरम भोजन और पौष्टिक आहार मिलने से प्रदेश की लगभग 85 हजार महिलाएं भी एनीमिया मुक्त हो चुकी हैं।**



उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015–16 में जारी राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण–4 के आंकड़े देखें तो प्रदेश के 5 वर्ष से कम उम्र के 37.7 प्रतिशत बच्चे कुपोषण और 15 से 49 वर्ष की 47 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित थीं। वर्ष 2018 में यह आंकड़ा बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार वर्ष 2016 से 2018 के मध्य कुपोषण कम होने के बजाय 2.3 प्रतिशत बढ़ गया। कुपोषित बच्चों में अधिकांश आदिवासी और दूरस्थ वनांचलों के थे। राज्य सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत 2 अक्टूबर 2019 से की।

छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और संकल्पित प्रयासों का सुखद परिणाम रहा कि कुपोषण की दर में लगातार कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–5 के 2020–21 में जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 5 वर्ष तक बच्चों के वजन के आंकड़े देखे तो कुपोषण की दर 6.4 प्रतिशत कम होकर 31.3 प्रतिशत हो गई है। यह दर कुपोषण की राष्ट्रीय दर 32.1 प्रतिशत से भी कम है।

वजन त्यौहार के आंकड़े देखें तो वर्ष 2019 में छत्तीसगढ़ में कुपोषण 23.37 प्रतिशत था, जो वर्ष 2021 में घटकर मात्र 19.86 प्रतिशत रह गया है। इस प्रकार कुपोषण की दर में दो वर्षों में 3.51 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो कुपोषण के खिलाफशुरू की गई जंग में एक बड़ी उपलब्धि है। जुलाई 2021 में आयोजित वजन त्यौहार में लगभग 22 लाख बच्चों का वजन लिया गया था। इस दौरान पारदर्शी तरीके से कुपोषण के स्तर का आंकलन किया गया। डाटा की गुणवत्ता परीक्षण और डाटा प्रमाणीकरण के लिए बाह्य एजेंसी की सेवाएं ली गई थी। इसी तरह वर्ष 2022 में भी एक अगस्त से 13 अगस्त तक प्रदेश में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। इसके आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में वर्तमान कुपोषण दर का आकलन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि श्री बघेल की पहल पर मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के माध्यम से कुपोषण मुक्ति के लिए प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और सुपोषण को प्राथमिकता क्रम में रखते हुए इसके लिए राज्य में डीएमएफ, सीएसआर और अन्य मदों की राशि का उपयोग किये जाने की अनुमति मुख्यमंत्री श्री बघेल ने दी है। जनसहयोग भी लिया गया है। योजना के तहत कुपोषित महिलाओं, गर्भवती और शिशुवती माताओं के साथ बच्चों को गरम भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। राशन में आयरन और विटामिन युक्त फोर्टीफाइड चावल और गुड़ देकर लोगों के दैनिक आहार में विटामिन्स और मिनरल्स की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया है। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक रेडी टू ईट और स्थानीय उपलब्धता के आधार पर पौष्टिक आहार देने की भी व्यवस्था की गई है। महिलाओं और बच्चों को फल, सब्जियों सहित सोया और मूंगफली की चिक्की, पौष्टिक लड्डू, अण्डा सहित मिलेट्स के बिस्कुट और स्वादिष्ठ पौष्टिक आहार के रूप में दिया जा जा रहा है। इससे बच्चों में खाने के प्रति रूचि जागने से कुपोषण की स्थिति में सुधार आया है। प्रदेश में कुपोषण मुक्ति के लिए विभिन्न विभागों के साथ योजनाओं को एकीकृत कर समन्वित प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना और मलेरिया मुक्त अभियान, दाई दीदी क्लिनिक योजना के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार दिया गया है। इससे तेजी से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ कुपोषण स्तर में सुधार देखा जा रहा है।

## गौठान में मिर्च की खेती कर महिलाएं हो रही मालामाल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरूवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी योजनांतर्गत बाड़ी विकास से बलरामपुर जिले की स्वसहायता समूह की महिलाएं गौठान में सामुदायिक रूप से मिर्च की खेती कर रहे है। समूह ने अभी तक पौने दो लाख रूपए से अधिक का मुनाफा कमा लिया है। जिले के टिकनी गौठान की निराला एवं गुलाब महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा गौठान के लगभग 1.50 एकड़ भूमि में मिर्च की खेती की जा रही है।

खेती प्रारंभ करने के पूर्व उन्हें उद्यानिकी विभाग द्वारा अच्छी पैदावार हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने महिलाओं को बाड़ी में मिर्च की जेके 46 पान की प्रजाति लगाने का सुझाव दिया। समूह की सदस्यों द्वारा ऋण लेकर मिर्च की खेती की गई, जिसमें गुलाब महिला स्व–सहायता समूह द्वारा 12 हजार 840 रूपये एवं निराला स्व–सहायता समूह द्वारा 7530 रूपये की लागत से मिर्च की खेती की गई। अच्छी देखभाल एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के द्वारा दी गई सलाह पर अमल करते हुए खेती करने पर अच्छी फसल प्राप्त हुई। बाजार में विक्रय करने पर गुलाब स्व–सहायता समूह को 92 हजार 980 रूपये तथा निराला स्व–सहायता समूह को 86 हजार 830 रूपये का मुनाफा प्राप्त हुआ।

समूह की महिलाओं ने बताया कि अभी तक उनके द्वारा 4 बार मिर्च की तोड़ाई की गई है तथा आने वाले समय में 04 से 05 बार मिर्च की तोड़ाई और की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल एवं मण्डी में मिर्च की आवक कम होने पर और आमदनी प्राप्त होगी।

समूह के सदस्यों ने बताया कि अम्बिकापुर के थोक विक्रेता नियमित रूप से बाड़ी में पहुंचकर उनसे मिर्च की खरीदी करते हैं, जिससे उन्हें बाड़ी में ही मिर्च का उचित दाम मिल जा रहा है। महिला समूह की सदस्यों ने बताया कि बदलते सूचना तकनीकों से हम अब जागरूक हो रहे हैं। हमें मण्डी के भाव की जानकारी प्राप्त हो जाती है।

## हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर सभी फहराये तिरंगा–अभिजीत शर्मा ने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। देश में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से इस महान अभियान में प्रतिभाग कर अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से ' हर घर तिरंगा ' अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने की अपील की है।**



इसी पर भाजयुमो सोशल मीडिया के दुर्ग शहर विधानसभा प्रभारी अभिजीत शर्मा ने कहा कि भारत की आज़ादी के लिए जिन वीर सेनानियों ने अपना सर्वस्व अर्पित किया उनका सदैव स्मरण रहे। हमारी नई पीढ़ी को ऐसे बलिदानियों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हो। आज़ादी के इस अमृत महोत्सव में देश के इन वीर बलिदानियो का देश स्मरण कर रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश मे नई कार्य संस्कृति आई है। भाजयुमो नेता अभिजीत ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत पर हर घर तिरंगा अभियान संचालित हो रहा है।

यह देशभक्ति की भावना का कार्यक्रम है, इसमे 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी देशवासियों से अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने का अनुरोध किया गया है । यह केवल सरकारी कार्यक्रम नही है यह एक जनांदोलन है जिसमे सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश की आज़ादी के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों की स्मृति में अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सोशल मीडिया एकाउंट में डीपी और प्रोफाइल पिक लगाने की अपील की है।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### सीएम भूपेश बघेल की संवेदनशीलता ने कैंसर पीड़ित को दिया सहारा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता से हर कोई वाकिफ है। भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने हर संभव जरूरतमदों की मदद करने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में कोरिया जिले के एक कैंसर पीड़ित मरीज को भी मुश्किल समय में मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहारा दिया है। मुख्यमंत्री बघेल के कोरिया जिला प्रवास के दौरान आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आवेदक एस के जायसवाल द्वारा कैंसर के इलाज में मदद हेतु आवेदन किया गया था, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा मदद की घोषणा की गई थी।

घोषणा के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई और मरीज के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था बालको कैंसर अस्पताल, रायपुर में की गई। जायसवाल का यहां पर नि:शुल्क इलाज जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन करते हुए कोरिया कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आवेदक को आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपए की राशि भी प्रदाय की है। इसके साथ ही मरीज को अन्य मेडिकल सुविधाओं की भी आवश्यकता प्रत्येक सप्ताह होती हैं जिसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया है।

### जल जीवन मिशन: एकल ग्राम योजना के लिए 3.96 करोड़ रूपए की मंजूरी

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के निर्देश पर राज्य के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसी कड़ी में बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित एकल ग्राम पेयजल योजना के तहत 9 गांवों के 786 घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी, जिसके लिए 3 करोड़ 96 लाख 44 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बिलासपुर द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड अंतर्गत मझगवां (देवटिकीरा, घटघना) ग्राम में 49.72 लाख रूपए, मझगवां (हरिजनपारा, नवाडीह) में 45.54 लाख रुपए, मझगवां (स्कूलपारा, सुईघाट) में 45.86 लाख रूपए, परसापानी में 49.92 लाख रूपए, परसापानी (धनुहारपारा) में 39.96 लाख रूपए, परसापानी (केराछुवा) में 40.21 लाख रूपए, मोहाली में 47.52 लाख रूपए, मोहाली (पंडरीपानी) में 37.76 लाख रूपए, मोहाली (लथुरीपारा) में 39.95 लाख रूपए की लागत वाली एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 568.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 568.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 3 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1444.2 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 217.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 235.4 मिमी, सूरजपुर में 314.5 मिमी, जशपुर में 292.4 मिमी, कोरिया में 332.4 मिमी, रायपुर में 372.2 मिमी, बलौदाबाजार में 546.2 मिमी, गरियाबंद में 645.6 मिमी, महासमुंद में 564.7 मिमी, धमतरी में 670.4 मिमी, बिलासपुर में 607.0 मिमी, मुंगेली में 625.4 मिमी, रायगढ़ में 526.7 मिमी, जांजगीर-चांपा में 665.4 मिमी, कोरबा में 436.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 557.6 मिमी, दुर्ग में 508.8 मिमी, कबीरधाम में 556.5 मिमी, राजनांदगांव में 600.0 मिमी, बालोद में 685.5 मिमी, बेमेतरा में 387.3 मिमी, बस्तर में 769.1 मिमी, कोण्डागांव में 661.5 मिमी, कांकेर में 787.2 मिमी, नारायणपुर में 602.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 749.6 मिमी और सुकमा में 551.0 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंच रही जशपुर की नाशपाती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की नाशपाती का स्वाद देश की राजधानी दिल्ली को पसंद आ रहा है। दिल्ली के अलावा उत्तरप्रदेश, रांची समेत देश के विभिन्न राज्यों में जशपुर की नाशपाती खरीदी जा रही है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आदिवासी संस्कृति के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध जशपुर के दूरस्थ अंचलों के किसान अपने खेतों में साग-सब्जी के अलावा नवीन पद्धति से चाय, काजू, टमाटर, मिर्च, आलू की भी अच्छी खेती कर रहे हैं। यहां के बगीचा विकासखंड के पठारी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नाशपाती की खेती की जा रही है। इस खेती से अंचल के किसानों को अच्छा मुनाफा मिल रहा है। जशपुर जिले में लगभग रकबा 750.00 हेक्टेयर में 660 मीट्रिक टन नाशपाती का उत्पादन हो रहा है, जिससे 17 सौ से भी अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उनके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आ रहा है।



जशपुर जिले के बालाछापर में हो रही चाय की खेती और बस्तर के दरभा में हो रहे पपीते की खेती आज पूरे देश में सुर्खियां बंटोर रही है। प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में आए अभूतपूर्व बदलाव इस बात के सूचक हैं कि प्रदेश में कृषि अब सामान्य से बढ़कर व्यापक और नवाचारी परिवर्तन ला रहा है, जो लोगों को रोजगार, स्व-रोजगार से जोड़ रहा है। कई किसानों ने उद्यान विभाग की नाशपाती क्षेत्र विस्तार योजना का लाभ लेते हुए अपने यहां नाशपाती का उत्पादन शुरू किया है, इन्हीं में से एक हैं बगीचा विकासखंड के किसान विरेन्द्र कुजूर जिन्होंने अपने उद्यान में नाशपाती के 250 पेड़ लगाए हैं। अब प्रतिवर्ष उन्हें फल संग्रहण कर विक्रय से लाखों रूपए की आय हो रही है, साथ ही उनके इस काम से स्थानीय लघु किसानों एवं कृषि मजदूरों को भी रोजगार भी मिला है।

विरेन्द्र बताते हैं कि वर्ष 2021-2022 में नाशपाती उत्पादन कार्य से वह उन्हें लगभग 3 लाख रूपए की आय हुई। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उन्हें मिला है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है, विशेषज्ञ अधिकारियों के मार्गदर्शन में वे लगातार काम कर रहे हैं, अब वह इस काम को और विस्तार देना चाहते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संकल्पना के आधार पर प्रदेश में खेती, बागवानी एवं वानिकी से जुड़े क्षेत्रों में उत्पादन की आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने और किसानों को प्रोत्साहित करने की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत गांवों में साग-सब्जियों एवं स्थानीय जलवायु के आधार पर फल के उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। गांव, ग्रामीणों और किसानों की आर्थिक स्थिति एवं जीवन स्तर में बदलाव लाने के उद्देश्य से ऐसी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिनसे लोगों की जेबें भर रही हैं।

सरकार प्रदेश में कृषि को बढ़ावा देने एवं किसानों को आर्थिक सशक्त बनाते हुए प्रोत्साहित करने के लिए कई अहम् योजनाओं का संचालन कर रही है। दूरस्थ अंचलों में किसान धान के अलावा भी कई प्रकार की खेती कर रहे हैं, इनमें फल के उत्पादन भी शामिल हैं, इससे न केवल प्रदेश में उत्पादन क्षमता स्थानीय रोजगार के लिए भी रास्ते खुले हैं। प्रदेश के किसानों एवं दूरस्थ अंचलों में ग्रामीणों को भौगोलिक परिवेश के अनुकूल आधुनिक पद्धति से कृषि के लिए विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# समाज के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए हो रहे कार्य: मंत्री अकबर

### स्वच्छता कार्य के लिए 7 महिला समूहों को ई-रिक्शा वितरित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री और कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर ने आज कबीरधाम जिला अंतर्गत बोड़ला नगर पंचायत के 62 परिवारों को आवासीय पट्टा तथा 7 हितग्राहियों को ई-रिक्शा का वितरण कर लाभान्वित किया। गौरतलब है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार द्वारा जरूरतमंदों को आवासीय पट्टा प्रदान करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

वन मंत्री अकबर ने राजधानी के शंकरनगर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए दृढ़-संकल्पित हैं। इसके तहत ग्रामीण हो अथवा नगरीय, हर क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इनमें खासकर नागरिकों को तत्परता से मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। वनमंत्री ने इस दौरान लोगों को जनहित में संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

वनमंत्री अकबर ने इस दौरान 14वें वित्त आयोग मद अंतर्गत बोड़ला नगर पंचायत के 07 महिला समूहों के सदस्यों को स्वच्छता कार्य के लिए ई-रिक्शा भी वितरित किया। लाभान्वित हितग्राहियों में रिक्शा चालक दुर्गा मानिकपुरी, महेशिया धुर्वे, महारानी सेन, सुखमनी धुर्वे, ओमकुमारी, रजनी कश्यप तथा अश्वनी धुर्वे शामिल हैं। कार्यक्रम में हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र में आबादी भूमि पर भूमिस्वामी अधिकार का प्रमाण पत्र मिलने से अब हमारा जीवन-यापन आसान हो गया है। इसके लिए उनके द्वारा मंत्री अकबर और सरकार के प्रति आभार जताया गया।

इस अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, कवर्धा नगर पालिका के सदस्य अशोक सिंह तथा रामसहोदर गुप्ता और जनपद पंचायत बोड़ला में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बोड़ला सावित्री साहू, उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष बोड़ला जनपद पंचायत सनत जायसवाल, कवर्धा कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू, बोड़ला नगर पंचायत के पार्षदगण सुश्री शमशाद बेगम, सर्वश्री अर्जुन पटेल, संतोषी साहू, विसर्जन धुर्वे, ओमप्रकाश शर्मा, एल्डरमेन दीपक मागरे, भागवत पटेल, भरत सोनकर सहित पिताम्बर वर्मा, प्रभाती मरकाम, पुरन मानिकपुरी, सुश्री कृतिका कश्यप, गोरेलाल चन्द्रवंशी, ईलामुद्दीन, अयुब खान आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक से राष्ट्रीय फेडरेशन कप के विजेता खिलाड़ियों ने की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक से आज आयोग कार्यालय रायपुर में 19वीं सबजूनियर, सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप के विजेता मिले, साथ ही खिलाड़ियों ने आयोग कार्यालय में अपना प्रदर्शन भी दिखाया। आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक ने ओलंपिक संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा से बात कर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में बच्चों अभ्यास करने हेतु स्टेडियम को खोलने की सिफारिश की जिसे ओलंपिक संघ के महासचिव ने इस मांग को अपने समिति के समक्ष रखकर इस पर विचार करने की बात कही है। डॉ. नायक ने विजेता बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए लगन के साथ खेल के प्रति ईमानदारी से मेहनत पर फोकस करने कहा है।



उल्लेखनीय है कि हाल ही में कर्नाटक में 29 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजित 19वीं सब जूनियर एवं सीनियर फेडरेशन कप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की 6 सदस्यीय पुरुष टीम ने 11 स्वर्ण, 1 रजत सहित 12 पदक जीते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए पहला 3 स्वर्ण पदक टीम इवेंट में बच्चों ने 36 घंटे डबल डच वर्ल्ड रिकॉर्ड एंड लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किये हैं।

जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सबसे अधिक गति में स्कोर को बढ़ाने में योगदान दिया। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम का 10480 जंप का योगदान रहा और छत्तीसगढ़ की तिकड़ी ने 1 लैप में 4.30 मिनट में 510 जंप का भी रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

# स्वाइन फ्लू के लक्षण भी कोरोना की तरह दोनों बीमारियां फेफड़ों को करती हैं प्रभावित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण के खतरों के बीच स्वाइन फ्लू के मामले भी सामने आ रहे हैं। स्वाइन फ्लू के प्रकरण आमतौर पर सर्दियों में आते हैं। लेकिन इसका वायरस मानसून में भी सक्रिय हो गया है। बरसात में लगातार होने वाले मौसमी बदलाव के कारण कई तरह की संक्रमणजनित बीमारियां होती हैं। इससे बचने और सावधान रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को मौसमी बीमारियों के साथ ही मंकी-पॉक्स, कोविड-19 और स्वाइन फ्लू से अलर्ट रहने की अपील की है। स्वाइन फ्लू के लक्षण भी कोरोना के लक्षणों से मिलते-जुलते हैं। इसमें खांसी, बलगम आना, गले में दर्द या खराश, जुकाम और कुछ लोगों को फेफड़ों में इन्फेक्शन होने पर सांस



चढ़ने लग जाती है। जिन व्यक्तियों को इस तरह के लक्षण महसूस हो रहे हैं, उन्हें तुरंत स्वाइन फ्लू के साथ कोरोना की भी जांच कराना चाहिए।

संचालक महामारी नियंत्रण, डॉ. सुभाष मिश्रा ने स्वाइन फ्लू के कारणों व लक्षणों के बारे में बताया कि स्वाइन फ्लू एच-1 एन-1 ( ॥1ह1) इन्फ्लुएंजा 'ए' के कारण होता है। यह वायरस वायु कण एवं संक्रमित वस्तुओं को छूने से फैलता है। इसकी संक्रमण अवधि सात दिनों की होती है। बरसात के मौसम में बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों में संक्रमण तीव्र गति से प्रभावी होने का अधिक खतरा रहता है। विशेष रूप से हृदय रोग, श्वसन संबंधी रोग, लीवर रोग, किडनी रोग, डायबिटीज, एचआईव्ही और कैंसर से पीड़ित या ऐसे मरीज जो कि स्टेराइड की दवा का सेवन लम्बे समय से कर रहे हों, उन पर अधिक खतरा बना रहता है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार के साथ खांसी, नाक बहना, गले में खराश, सिर दर्द, बदन दर्द, थकावट, उल्टी, दस्त, छाती में दर्द, रक्तचाप में गिरावट, खून के साथ बलगम आना व नाखूनों का नीला पड़ना स्वाइन फ्लू के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने इससे बचाव के लिए भीड़-भाड़ वाली जगहों में नहीं जाने, संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क से दूर रहने तथा नियमित रूप से हाथ साबुन या हैण्डवॉश से धोने की सलाह दी है। साथ ही सर्दी-खांसी एवं जुकाम वाले व्यक्तियों के द्वारा उपयोग में लाये गये रूमाल और कपड़ों का उपयोग नहीं करना चाहिए। स्वाइन फ्लू के लक्षण पाए जाने पर पीड़ित को 24 से 48 घंटों के भीतर डॉक्टर से जांच अवश्य कराना चाहिए।

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में स्वाइन फ्लू की जांच की सुविधा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों, जिला चिकित्सालयों तथा मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में इसका इलाज कराया जा सकता है। जिस प्रकार कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है, वैसे ही स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए इन्फ्लूंजा वैक्सीन लगाई जाती है। इस वैक्सीन से स्वाइन फ्लू की वजह से होने वाली गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है।

# वित्तीय जालसाजी से आमजन को बचाने चलेगा जागरूकता अभियान

### साइबर एक्सपर्ट की मदद से वित्तीय अपराधों को रोकने होंगे प्रयास

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में आमजनों को वित्तीय जालसाजी से बचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए साइबर एक्सपर्ट और कम्प्यूटर साइंस के एक्सपर्ट की सहायता ली जाएगी। श्री जैन ने वित्तीय साक्षरता के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी के तरीकों और उनसे बचाव के तरीकों को बैंक के ग्राहकों तक पहुंचाने के निर्देश वित्तीय नियामक संस्थाओं को दिए हैं।

बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि वित्तीय ठगी की शिकायत 1930 पर पुलिस को दी जा सकती है। साथ ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के ''सचेत'' पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। वित्तीय संस्था के अधिकारियों ने बताया कि किसी भी बैंक के द्वारा खाता या एटीएम कार्ड बंद होने संबंधी फोन ग्राहकों को नहीं किया जाता है। ऐसे किसी भी फोन कॉल या लिंक में बताये जा रहे बातों का अनुसरण ना करें। किसी भी शंका या बैंकीय समस्या के समाधान के लिए अपने बैंक की शाखा से सम्पर्क करें। डीजीटल लोन, क्रिप्टो करेंसी व्यवसाय, उच्च ब्याज दर का प्रलोभन, मल्टी लेवल मार्केटिंग व्यवसाय, चिटफंड जैसे प्रलोभनों से दूर रहकर अपनी जमापूंजी की सुरक्षा की जा सकती है।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# भोजन में जरूर शामिल करें ये मसाले, स्वाद और सेहत दोनों को मिलेगा गजब का बूस्ट

भोजन के स्वाद को बढ़ाने के लिए रोजाना हम कई तरह के मसालों को प्रयोग में लाते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि ये मसाले सिर्फ स्वाद के लिए ही नहीं, सेहत के लिए भी विशेष लाभदायक हो सकते हैं। आयुर्वेद में भारतीय मसालों के अनेकों फायदों का जिक्र मिलता है। दुनिया भर के कई शोधकर्ताओं ने इसे साबित भी किया है। यदि आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए अपने स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं, तो भारतीय मसाले इसमें आपकी मदद कर सकते हैं। रोजाना प्रयोग में लाए जाने वाले कई मसालों में एंटीऑक्सिडेंट और कई प्रकार के अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कई बीमारियों से बचाव कर सकते हैं।



लौंग, इलाइची, काली मिर्च से लेकर सौंफ, जीरा और दालचीनी तक, भारतीय मसालों को स्वाद और सेहत का खजाना माना जाता है। इनका नियमित सेवन आपको कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षा दे सकता है। आइए आगे की स्लाइडों में मसालों के औषधीय गुण और इससे सेहत को होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

### काली मिर्च

हर घर में खाने के लिए काली मिर्च को प्रयोग में लाया जाता है। छोटे-छोटे काले दाने कई तरह के औषधीय गुणों को समाहित किए होते हैं। काली मिर्च में पिपेरिन नामक पौधे से प्राप्त यौगिक होता है, जिसे टेस्ट-ट्यूब अध्ययनों में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर पाया गया है। अध्ययनों से पता चलता है कि एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर आहार, शरीर को मुक्त कणों के हानिकारक प्रभावों से सुरक्षित रखने में सहायक हो सकते हैं। पिपेरिन को मस्तिष्क कार्यों में सुधार में भी कारगर पाया गया है।

### दालचीनी

माना जाता है कि दालचीनी में कई औषधीय गुण होते हैं और इसका उपयोग अक्सर चीनी हर्बल दवाओं में किया जाता रहा है। दालचीनी की विशिष्ट गंध और स्वाद इसे भोजन के लिए काफी आवश्यक बनाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि दालचीनी में सिनामाल्डिहाइड नामक यौगिक पाए जाते हैं। सिनामाल्डिहाइड एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों के लिए जाना जाता है। दालचीनी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने वाली औषधि मानी जाती है।

### लौंग के औषधीय गुण

लौंग एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ये यौगिक आपके शरीर को मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाकर कई तरह की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। लौंग में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट हृदय रोग, मधुमेह और कुछ प्रकार के कैंसर के विकास को कम करने में मदद कर सकते हैं। दांत और मसूड़ों के दर्द में लौंग का तेल काफी राहत प्रदान करता है।


### जीरा

जीरा भारतीय भोजन का अभिन्न अंग है। इसे पोटैशियम और आयरन का बहुत अच्छा स्रोत माना जाता है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद करता है। जीरा में एंटीऑक्सिडेंट्स भी प्रचुरता में पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में सहायता करते हैं। जीरा में विभिन्न प्रकार के खनिज जैसे मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि इसे काफी स्वास्थ्यवर्धक बनाते हैं।

### इलाइची

भोजन के स्वाद और सुगंध को बढ़ाने में इलाइची को प्रयोग में लाया जाता रहा है। इसे ब्लड प्रेशर को कम करने में काफी असरदार माना जाता है। एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने 20 वयस्कों को प्रतिदिन तीन ग्राम इलायची पाउडर दिया। 12 सप्ताह के बाद प्रतिभागियों के रक्तचाप का स्तर सामान्य हो गया। इसके अलावा इलाइची में पाए जाने वाले यौगिक इंफ्लामेशन की समस्या को कम कर सकते हैं।

# हेल्थ टिप्सः बच्चों के आहार में जरूर शामिल करें ये तीन चीज, विकास और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में मिलेगी मदद



अध्ययनों से पता चलता है कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ बचपन को आधार माना जाता है। जिन बच्चों के पोषण का सही से ध्यान रखा जाता है, उनमें कई तरह की बीमारियों, जटिलताओं आदि का जोखिम कम होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी माता-पिता को अपने बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक आहार देने की सलाह देते हैं। पौष्टिक आहार का मतलब भोजन में विटामिन, खनिज, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और विशिष्ट पोषक तत्वों को शामिल करना है। बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास में स्वस्थ आहार की विशेष भूमिका होती है। यह न सिर्फ आपके बच्चे के शारीरिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक होंगे साथ ही उन्हें बीमारियों से भी सुरक्षित रखेंगे।

बाल रोग विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों को खाने के लिए क्या दिया जाए, इसके साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखना आवश्यक है कि उन्हें किन चीजों से दूर रखा जाए। फास्ट फूड्स, चॉकलेट और कुकीज आदि का बढ़ता सेवन बच्चों में मोटापा, बौद्धिक क्षमता में कमी और कई तरह की अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन रहे हैं। आइए आगे विस्तार से जानते हैं कि बढ़ते बच्चों के आहार में किन चीजों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

### फल और हरी सब्जियां

बढ़ते बच्चों को अलग-अलग मात्रा में विशिष्ट पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। बच्चे की वृद्धि और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आहार में फलों और हरी सब्जियों को जरूर शामिल करें। मौसमी फल विटामिन्स और खनिजों के साथ एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो शरीर को प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के साथ तमाम तरह की बीमारियों और संक्रमण के जोखिम को कम कर सकते हैं। आहार में मौसमी फलों को शामिल करना विशेष लाभप्रद हो सकता है।

### साबुत अनाज और डेयरी उत्पाद

बच्चों के आहार में साबुत अनाज जैसे गेहूं की रोटी, दलिया, पॉपकॉर्न, जौ-बाजरा आदि को शामिल करना आवश्यक है। ये न सिर्फ पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं साथ ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को भी कम करने में सहायक माने जाते हैं। इसके अलावा बच्चे को दूध, दही, पनीर या फोर्टिफाइड सोया मिल्क जैसे डेयरी उत्पाद भी जरूर दें, ये हड्डियों के विकास में सहायक हैं।


### प्रोटीन और विटामिन्स

बढ़ते बच्चों के लिए प्रोटीन बहुत आवश्यक होता है। यह मांसपेशियों को बढ़ावा देने और मस्तिष्क की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में सहायक हैं। मांस और अंडे, सेम, मटर, सोया उत्पाद, और तमाम तरह के नट्स को आहार में शामिल करना विशेष लाभप्रद हो सकता है। विटामिन सी-डी और ई वाली चीजों की भी मात्रा बढ़ाएं। ये मजबूत इम्युनिटी और आंखों की सेहत को बेहतर रखने में मदद करेंगी।

### इन चीजों से बनाएं दूरी

बच्चों की सेहत का ख्याल रखना बहुत आवश्यक है, इसलिए आहार में अस्वास्थ्यकर चीजों को बिल्कुल न शामिल करें। ब्रेड, पास्ता, पिज्जा आदि मोटापा और पेट की बीमारियों को बढ़ा सकते हैं। बच्चों में इनकी आदत कई तरह की स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकती है। सेचुरेटेड और ट्रांस फैट, सोडियम वाली चीजों का कम से कम सेवन सुनिश्चित कराएं।

# एस एस राजामौली के घर लंच पर पहुंचे अनुपम खेर को पसंद आई डायरेक्टर की सादगी, शॉल ओढ़ाकर दिया सम्मान



बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर फिल्म निर्माता एसएस राजामौली से मिलने उनके घर हैदराबाद पहुंचे थे। फिल्म निर्माता ने उन्हें लंच पर बुलाया था। इस दौरान राजामौली ने अनुपम खेर का भव्य स्वागत किया, जिसके बाद अभिनेता ने भी शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मान दिया। अभिनेता ने इस दौरान की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा की हैं, जिसमें राजामौली के साथ उनकी पत्नी रमा राजामौली भी नजर आईं।

अनुपम खैर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए एसएस राजामौली के लिए एक स्पेशल मैसेज भी लिखा है। अनुपम खेर ने लिखा, 'डियरेस्ट रमा जी और राजामौली हैदराबाद में आपके घर में शानदार लंच और प्यार के लिए थैंक्यू। मुझे आपके ही घर में आपका इस ट्रेडिशनल शॉल से स्वागत करके काफी अच्छा लगा। मुझे आपकी विनम्रता और सादगी काफी पसंद आई। मैं खुशनसीब हूं। आपसे बहुत कुछ सीखने के लिए मिला।

वहीं, वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जब अनुपम खैर राजामौली को शॉल ओढ़ाकर सम्मान देने लगते हैं, तो फिल्म निर्माता भी देख हैरान रह जाता हैं और हंसते हैं। अनुपम कहते हैं कि आप मुझे फिर कैसे याद रखेंगे? इस पर रमा राजामौली कहती हैं कि आपको कैसे कोई भूल सकता है। वहीं, इसके बाद एक फोटो में राजामौली और अनुपम खेर दोनों हाथ जोड़े नजर आ रहे हैं, तो दूसरी में रमा राजामौली भी उनके साथ दिखाई दे रही हैं।

अनुपम खेर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कंगना रणौत की फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह जयप्रकाश नारायण का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा रवि तेजा की फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' में भी अनुपम खेर नजर आएंगे। वहीं, एसएस राजामौली की इस साल रिलीज हुई 'आरआरआर' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब खबरें हैं कि वह महेश बाबू के साथ एक फिल्म बनाने वाले हैं, जिसके प्री प्रोडक्शन की तैयारी चल रही है।

# करण ने छेड़ा साउथ बनाम बॉलीवुड का मुद्दा आमिर ने कहा- प्रासंगिक विषय चुनने होंगे





करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण 7' के इस बार के एपिसोड में मेहमानों के साथ बातचीत काफी दिलचस्प रही। करण जौहर ने आमिर खान और करीना कपूर से तमाम मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान करण ने साउथ बनाम हिंदी फिल्मों के टॉपिक पर भी आमिर खान से एक सवाल पूछा। करण जौहर ने आमिर से पूछा, 'तुम्हें माहौल की बहुत अच्छी परख है। हाल के दिनों में साउथ की फिल्में देखी हैं। 'बाहुबली' से लेकर 'केजीएफ', 'पुष्पा', 'आरआरआर' सभी जबरदस्त सफल रही हैं। क्या ऐसा प्रयोग हिंदी सिनेमा में होगा? वह क्या चीज है, जो हमें लानी होगी? इसका आमिर खान ने काफी दिलचस्प जवाब दिया।

### आमिर ने दिया दिलचस्प जवाब

दरअसल शो के दौरान करण जौहर ने आमिर खान से कहा, 'दक्षिण के सिनेमा को देखते हुए क्या चीजें हमें फिल्मों में लानी होंगी। इसकी ज्यादा जिम्मेदारी तुम्हारी बनती है। वो इसलिए, क्योंकि 2001 में तुम दो फिल्म लेकर आए 'तुम दिल चाहता है' और 'लगान'। दोनों में नई संवेदनशीलता थी। फिर तुम 'रंग दे बसंती' (2006) लेकर आए। इसके बाद 'तारे जमीं पर', जिसने अलग छाप छोड़ी। तुमने एक निश्चित दर्शक के लिए फिल्म बनानी शुरू की। इसके बाद आमिर ने करण जौहर को बीच में टोकते हुए कहा कि नहीं आप गलत बोल रहे हो। और फिर बताया कि हिंदी फिल्मों में क्या चीजें मिसिंग हैं।

### लोगों से जुड़े मुद्दे उठाने होंगे

आमिर खान ने करण जौहर से कहा, ' मेरी जितनी फिल्मों के नाम लिए हैं ये सारी हिंदी फिल्में हैं। हिंदी से मेरा मतलब, हार्टलाइन की फिल्में हैं। इनमें जज्बात हैं। ये दर्शकों को इमोशनली टच करती हैं। ये जमीन से जुड़े लोगों पर असर करती हैं। मैं ये नहीं कह रहा कि एक्शन फिल्में बनाओ। लेकिन, ऐसी फिल्में बनाओ, जिनके टॉपिक ज्यादा लोगों के लिए प्रासंगिक हों।' आमिर खान ने आगे कहा, ' मैं नहीं कह रहा कि अभी हिंदी सिनेमा में हम कुछ गलत कर रहे हैं। मैं किसी के लिए कुछ नहीं बोल रहा हूं, क्योंकि हर मेकर सोच-समझकर फिल्म बनाता है। लेकिन, लोगों को प्रभावित करने वाले टॉपिक लेने होंगे और हम में से ज्यादातर लोग इस बात को महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

### आमिर को खूब डांटती हैं करीना

शो के दौरान करण जौहर ने अपनी दोस्त करीना कपूर के लिए कहा, 'ये फिल्मों को लेकर बहुत कंसर्न नहीं है। अपनी फिल्में देखती नहीं है।' इस पर आमिर ने करण से कहा, आज ये सबकुछ गलत ही बोल रहा है। करीना फिल्मों को लेकर बहुत कसंर्न है। जब से हमारी बात हुई है। ये मुझे डांट ही रही है। बोल रही है फिल्म का ऐसे प्रमोशन नहीं कर रहे, वो नहीं कर रहे। आज भी हम मिले तो इसने मेरी तुरंत क्लास ले ली।

### करण ने किया करीना के एक्स हसबैंड का जिक्र

इसके बाद करण जौहर ने करीना से कहा, 'तुम मेरे इस शो में कई बार आई हो और अपनी लाइफ की अलग-अलग स्टेज पर आई हो। तुम अपने एक्स हसबैंड के साथ आई! इस पर करीना चौंक गई। फिर करण को गलती का अहसास हुआ तो उन्होंने खुद को सही किया और बोले, 'नहीं, एक्स हसबैंड नहीं, सॉरी। एक्स बॉयफ्रेंड।' इसके बाद करण ने करीना से कहा कि अब तुम लाइफ के अलग फेस में हो। तुम थोड़ी बोरिंग हो गई हो। तुम अपने बच्चों की अमेजिंग मां बन गई हो। अब गॉसिपिंग के लिए तुम्हारे कॉल बहुत कम आते हैं।' इस पर आमिर ने कहा, 'नहीं! आज तुम सब बकवास बातें ही कर रहे हो। करीना बहुत इंटरेस्टिंग है।' इसके बाद करीना ने आमिर को ही बोरिंग बता दिया।

# बेहतरीन आवाज के मालिक थे किशोर कुमार इन गानों के जरिए लोगों के दिलों में किया राज



भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऐसे कई कलाकार मौजूद हैं, जिन्होंने अपने हुनर से ना सिर्फ लोगों का मनोरंजन किया, बल्कि इतिहास के पन्नों में अपनी अलग जगह बना ली। हिंदी सिनेमा के मशहूर गायक किशोर कुमार इंडस्ट्री के ऐसे ही कलाकारों में से एक हैं। अपनी आवाज के लिए मशहूर किशोर कुमार एक अभिनेता, संगीतकार, लेखक और निर्माता भी थे। चार अगस्त 1929 को मध्यप्रदेश के खंडवा में जन्मे किशोर कुमार ने अपने फिल्मी करियर में करीब 1500 से ज्यादा गानों को अपनी आवाज दी। सिंगर के जन्म दिवस के मौके पर जानते हैं उनके गाए गानों में से कुछ बेहतरीन गानों के बारे में-

### मेरे सपनों की रानी

मशहूर अभिनेता राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर स्टारर फिल्म आराधना अपने समय की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के कई गाने उस दौर में मशहूर हुए थे, लेकिन किशोर कुमार की आवाज में गाया गाना मेरे सपनों की रानी आज भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है।

### अच्छा तो हम चलते हैं

किशोर कुमार ने अपने फिल्मी करियर में राजेश खन्ना के लिए कई गाने गाए। राजेश खन्ना की फिल्म आन मिलो सजना में अभिनेत्री आशा पारेख संग उनकी जोड़ी लोगों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म का गाना अच्छा तो हम चलते हैं आज भी काफी मशहूर हैं।

### आ गए हो नूर आ गया है

1975 में आई फिल्म आंधी अपनी रिलीज के समय काफी विवादों में रही थी। संजीव कुमार और सुचित्रा सेन स्टारर इस फिल्म के मशहूर गाने तुम आ गए हो नूर आ गया है को भी किशोर कुमार ने अपने सुरों से पिरोया था।

### मेरे महबूब कयामत होगी

फिल्म मिस्टर एक्स इन मुंबई में किशोर कुमार ने ना सिर्फ गाने को अपनी आवाज दी थी, बल्कि खुद इस फिल्म में अभिनय भी किया था। फिल्म का मशहूर गाना मेरे महबूब कयामत होगी आज भी लोगों के बीच काफी मशहूर है। यह गाना लोगों को इतना पसंद है कि इस गाने का रीमेक भी बनाया जा चुका है।

### गुम है किसी के प्यार में

बॉलीवुड एक्टर रणधीर कपूर और रेखा स्टारर फिल्म रामपुर का लक्ष्मण भी अपने दौर की हिट फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का गाना गुम है किसी के प्यार में भी किशोर कुमार ने ही गाया था।

### आते जाते खूबसूरत अवारा सड़कों पे

1977 में आई राजेश खन्ना और सिंपल कपाड़िया स्टारर फिल्म अनुरोध के भी कई गाने लोगों के बीच लोकप्रिय हैं, लेकिन इस फिल्म का मशहूर गाना आते जाते खूबसूरत अवारा सड़कों पे किशोर कुमार की आवाज में काफी हिट हुआ था।

### मेरे नैना सावन भादो

राजेश खन्ना और हेमा मालिनी स्टारर फिल्म महबूबा का गाना मेरे नैना सावन भादो भी किशोर कुमार ने ही गाया है। इस गाने को लोग आज भी सुनना पसंद करते हैं।



## 'सीता रामम' के प्रमोशनल इवेंट पर पहुंचे अभिनेता प्रभास

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इस समय अपनी आगामी फिल्म 'सीता रामम' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म से वह साउथ सिनेमा में अपना डेब्यू कर रही हैं। सीता रामम एक लव स्टोरी होगी, जिसमें एक्ट्रेस के अपोजिट अभिनेता दलकीर सलमान भी नजर आने वाले हैं। फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है, वहीं मृणाल और दलकीर सलमान दोनों ही फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। अब फिल्म रिलीज से पहले के प्रमोशनल इवेंट के मौके पर अभिनेता प्रभास ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है, जिसकी तस्वीरें मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया के जरिए साझा की हैं और अभिनेता प्रभास व पूरी टीम को शुक्रिया कहा है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243












## खास खबर

### मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता ने कैंसर पीड़ित को दिया सहारा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता से हर कोई वाकिफ है। भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने हर संभव जरूरतमदों की मदद करने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में कोरिया जिले के एक कैंसर पीड़ित मरीज को भी मुश्किल समय में मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहारा दिया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के कोरिया जिला प्रवास के दौरान आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आवेदक श्री एस के जायसवाल द्वारा कैंसर के इलाज में मदद हेतु आवेदन किया गया था, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा मदद की घोषणा की गई थी। घोषणा के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई और मरीज के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था बालको कैंसर अस्पताल, रायपुर में की गई। श्री जायसवाल का यहां पर नि:शुल्क इलाज जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन करते हुए कोरिया कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आवेदक को आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपए की राशि भी प्रदाय की है।

### बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के भविष्य को बेहतर एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के प्रयास से नि:शुल्क होटल मैनेजमेंट कोर्स की व्यवस्था की गई है। जिसमे बीएससी, हॉस्पिटेलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन का 03 वर्षीय कोर्स, डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन 18 माह का कोर्स, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विसेस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग का 18 माह कोर्स के लिए स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट केटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाईड न्यूट्रिसशन, रायपुर में नि:शुल्क प्रवेश दिया जावेगा। जिसमे शिक्षण शुल्क एवं हॉस्टल फीस का पूरा व्यय कांकेर जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जावेगा। ज़िले के प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों से न्यूनतम 12वी उत्तीर्ण कक्षा उत्तीर्ण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देते हुए युवक-युवतियों को होटल मैनेजमेंट कोर्स में नि:शुल्क प्रवेश दिया जावेगा। गोविंदपुर कांकेर तथा जनपद पंचायत अंतागढ़ एवं जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर सकते है।

### रस्तोगी एजुकेशन सोसाइटी को शैक्षणिक भवन के रूप में उपयोग तत्काल बंद करने जारी हुआ नोटिस

# रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी और हाईटेक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को निगम ने थमाया नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छात्रावास में उल्टी, दस्त की घटना घटित होने के बाद रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी और हाईटेक मल्टी स्पेशलिटी को भिलाई निगम ने नोटिस जारी किया है। रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी को निगम ने नोटिस जारी करते हुए कहा है कि आवासीय प्रयोजन के लिए भवन की अनुमति प्राप्त की गई थी। लेकिन निर्मित भवन का उपयोग अवैध रूप से रस्तोगी कॉलेज आफनर्सिंग नामक शैक्षणिक संस्था के संचालन के लिए किया जा रहा है।




जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 293, 294 व 301 का उल्लंघन है। आयुक्त ने जारी नोटिस में ने कहा है कि निर्मित भवन का शैक्षणिक भवन के रूप में उपयोग तत्काल बंद कर पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर निगम कार्यालय के भवन अनुज्ञा शाखा में स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित रूप से भवन अधिकारी के समक्ष अपना जवाब प्रस्तुत करें। इधर रस्तोगी एजुकेशन सोसाइटी को दूसरा पत्र भी जारी किया गया है, जिसमें हॉस्टल प्रबंधन द्वारा छात्रावास संचालन हेतु आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय एवं छात्रावास भवन परिसर की साफ सफाई, फायर सेफ्टी पंजीयन एवं उपकरण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने का उल्लेख किया गया है। जांच में जल शुद्धीकरण यंत्र क्षतिग्रस्त एवं जर्जर स्थिति में पाया गया था। इन सब के संबंध में भी जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके अतिरिक्त रमेश मिश्रा एवं विजयलक्ष्मी को भी नोटिस जारी करते हुए आवासीय प्रयोजन हेतु लिए गए भवन अनुज्ञा पर छात्रावास संचालित करने को लेकर छात्रावास को तत्काल बंद कर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। वहीं निगम ने हाईटेक मल्टी स्पेशलिटी को भी नोटिस जारी किया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि लगभग 39 विद्यार्थी जो की उल्टी दस्त की शिकायत के कारण क्रमबद्ध तरीके से हाईटेक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लगातार तीन दिवस तक उपचार करा रहे थे इसकी सूचना नगर पालिक निगम भिलाई या जिला प्रशासन को सही समय पर नहीं दी गई। जोकि नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है। सही समय पर घटनाक्रम से अवगत नहीं कराया गया।

इस गैर जिम्मेदारी व लापरवाही के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निगम ने कहा है। उल्लेखनीय है कि घटना की जानकारी मिलते ही महापौर नीरज पाल छात्राओं से मिलने अस्पताल पहुंचे थे, उन्होंने इस दौरान मामले की जांच करने एवं मामले में उचित करवाई करने कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा से चर्चा की थी। इसी तारतम्य में निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर ने तत्परता दिखाते हुए रस्तोगी एजुकेशन सोसाइटी को नोटिस जारी कर उचित जवाब मांगा है।

# आजादी के अमृत महोत्सवः हर दुकान तिरंगा कार्यक्रम हेतु कैट सी.जी. चैप्टर एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर दुकान तिरंगा कार्यक्रम हेतु आज कैट सी.जी. चैप्टर एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक कैट के प्रदेश कार्यालय में हुई।




कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर दुकान तिरंगा कार्यक्रम हेतु आज कैट सी.जी. चैप्टर एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक कैट के प्रदेश कार्यालय में हुई।

उन्होनें कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सरकार हर दुकान तिरंगा कार्यक्रम का ऐलान किया है। अब इसको लेकर सरकार ने देश की झंडा संहिता में बदलाव किया है। अब नियमानुसार तिरंगा दिन और रात दोनों समय फहराये जाने की अनुमति रहेगी। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सरकार 13 से 15 अगस्त तक 'हर दुकान तिरंगा' कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रही है।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे बताया कि झंडा संहिता के एक अन्य प्रावधान में बदलाव करते हुए कहा गया, 'राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काता और हाथ से बुना हुआ या मशीन से बना होगा। यह कपास/पॉलिएस्टर/ऊन/ रेशमी खादी से बना होगा।' इससे पहले, मशीन से बने और पॉलिएस्टर से बने राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग की अनुमति नहीं थी। इंडियन फ्लैग कोड में संशोधन किया गया, जिसके बाद अब कोई भी नागरिक किसी भी दिन झंडा फहरा सकता है। अभी तक झंडा हाथ से काते और बुने गए ऊनी, सूती, सिल्क या खादी से बना होना चाहिए।

मगर अब सरकार ने इसमें संशोधन कर दिया है। यानी अब पॉलिएस्टर और मशीन से बने राष्ट्रीय ध्वज का भी उपयोग किया जा सकता है। कैट सी.जी. चैप्टर देश के सभी व्यापारी संगठनों से अपील करती है कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर दुकान तिरंगा कार्यक्रम तहत 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने दुकानों में तिरंगा अवश्य लगाये ।

मिटिंग के अंत में कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा रायपुर सराफा एसोसियेशन एवं द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ लिमिटेड ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को साल एवं श्रीफल देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। सराफा एवं कपड़ा व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कैट सी.जी. चैप्टर का आभार व्यक्त किया।

मिटिंग में कैट सी.जी.चैप्टर एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे : अमर पारवानी, अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्दर सिंह, भरत जैन, अजय तनवानी, विजय शर्मा, राकेश ओचवानी, कैलाश खेमानी, महेश जेठानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, जयराम कुकरेजा, नरेश चंदानी, विजय जैन, सतीश श्रीवास्तव, तेजस मुखर्जी, मोहन वर्ल्यानी, इन्दर लाल धीरानी, देवराज गुरनानी, विक्रांत राठौर, दीपक विधानी, संजीत गोयल, श्याम गोयल, हरिमल सचदेव, दिलीप सचदेव, नानक तनवानी, अशोक छाबरा, अमर संतवानी, पृथ्वीपाल सिंह छाबडा, मुलचंद खत्री, अमर झाबिया, मनोज इसवानी, सुरेश भंसाली, दीपचन्द कोटडिया, प्रहलाद शादीजा, टी श्रीनिवास रेडडी, श्याम महेश्वरी, अमर दास खटट्र, आनन्द गायधर्मा, जितेन्द्र सोनी, जीवत बजाज एवं अन्य व्यापारीगण आदि।

# हिन्दू युवा मंच के संयोजक कृष्णा चौहान ने की हाईटेक अस्पताल में छात्रों से मुलाकात हाल चाल जाना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हिन्दू युवा मंच के संयोजक कृष्णा चौहान ने की हाईटेक अस्पताल मैं रस्तोगी कालेज के भर्ती अलग अलग जिलो के छात्रों से मुलाक़ात हाल चाल जाना व अपना सम्पर्क नम्बर दिया ओर कहा अस्पताल ओर कालेज प्रबंधन मदद ना करे तो हमसे तुरंत सम्पर्क करे ! छात्रों ने कृष्णा को बातचीत मैं बताया पुराने पीने के पानी के फ़िल्टर को बदला नहीं गया ओर खाने की गुड़वत्ता ठीक नहीं होने के कारण तबियत बिगड़ी ! स्किल डेवलपमेंट कोर्स करने वाले आवासीय छात्रों को उलटी दस्त होने की शिकायत होने के बाद उनको हाईटेक अस्पताल मैं भर्ती किया गया ! जिसमें हाल मैं ही 39 छात्र भर्ती हैं बाक़ी छात्रों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई हैं !छात्रों से मिलने वाले हिन्दू युवा मंच के प्रतिनिधि मंडल मैं मुख्य रूप से ज़िला योजना समिति अरुण सिंह, वैशाली नगर अध्यक्ष कमल रणदीवे ,छात्र मंच संयोजक यश गुप्ता ,प्रीतम सिंह उपस्थित थे !

### कार्यालय, प्रतिष्ठानों सहित जिले में चार प्रमुख स्थलों पर फहरेगा तिरंगा

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर हमर तिरंगा अभियान की उत्साहपूर्वक तैयारी जारी, जिले में फहरेगा 30 मीटर ऊंचा तिरंगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कार्यालय, प्रतिष्ठानों सहित जिले में चार प्रमुख स्थलों पर फहरेगा तिरंगाइस समय पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अगुवाई में हमर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है।



आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आगामी स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल के आह्वान पर राज्य में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत राज्य में हमर तिरंगा अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा और विविध कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

कोरिया जिले में भी अभियान की उत्साहपूर्वक तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने आज सोनहत विकासखंड का दौरा कर कटगोड़ी स्थित वॉच टावर का निरीक्षण किया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत यहां पर जिले का सबसे ऊंचा तिरंगा फहराया जाएगा। इस तिरंगे की ऊंचाई लगभग 30 मीटर होगी। इसके साथ ही जिले में झुमका बोट क्लब, झुमका आइलैंड और कोरियागढ़ पहाड़ पर तिरंगा फहराने की कार्ययोजना भी बनाई जा रही है।

हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और बढ़ाने, मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता और राष्ट्रीयता की भावना को संवर्धित करने हेतु हर घर, शासकीय, अर्धशासकीय और निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायिक-वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में सम्मान के साथ तिरंगा फहराया जाना है।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग**

उद्घोषणा - पत्र

रा.प्र.क्रं...... / अ-6/2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक सुनील गौतम पिता एस.एस. गौतम निवासी ग्राम साकेत कालोनी कातुलबोर्ड तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुल बोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 104/69 रकबा 0.042 हे. भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सीता शरण गौतम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 22/08/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/08/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 02/08/22

सुनवाई दिनांक 22/08/22

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
start 17500/-
Bajaj Finance Available
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin ga ngotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

Rajesh Yadav 79870-71513, 97557-11120
Shubh Aqua
The Promise of 100% Pure Water
RO Water Purifier
Free Service RO All Brand
Spare Parts, Wholesale Rate, Sales & Service
KENT RO SALES & SERVICE
Shop No. - 03, Vinoba Nagar, Near, Surya Mall, Junwani Raod, Bhilai

MISCHIEF Men's Store
UPTO 70% OFF
Complete Multibrand Store
Mo.-7999112303
mischieforignals
Shop NO. 7A/5, Ekta Tower Dakshin, Gangotri, Supela, Bhilai (C.G.)

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का......
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### बड़े ने छोटे भाई की गैती मारकर की हत्या, मोबाइल को लेकर घर वालों से करता था पैसों की डिमांड

**रायपुर।** नवा रायपुर के राखी थाना क्षेत्र के निमोरा गांव में मंगलवार रात 16 वर्ष के एक नाबालिग ने अपने 13 वर्ष के छोटे भाई की नृशंस हत्या कर दी। दोनों भाइयों में घर में उपलब्ध एक मोबाइल को लेकर विवाद था। दिन में छोटे भाई ने मोबाइल के लिए जिद की थी जो बड़े को पसंद नहीं थी। बाद में दोनों भाइयों में इस बात को लेकर झगड़ा हुआ था। रात में जब छोटा भाई सो गया तो बड़ा उठा और गैंती से उसके पेट और सीने में दो बार वार कर उसे जान से मार दिया। आरोपित अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपचारी बालक के पिता ने दो महीने पहले आत्महत्या कर ली थी। दोनों भाइयों की जिम्मेदारी उनकी मां उठा रही थीं। छोटे ने पढ़ाई छोड़ दी थी। वह दिनभर जेब खर्च के पैसे और मोबाइल के लिए मां से झगड़ता था जिससे बड़ा भाई नाराज होता था। वह छोटे भाई से इतनी नफरत करता था कि पेट में गैंती मारने के बाद फिर सीने में घोंप दिया।

आरोपित अपचारी योजना बनाकर बैठा था। हत्या के कुछ देर बाद वह जोर जोर से चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर बगल के कमरे से मां पहुंची तो देखा छोटा लहुलुहान पड़ा है। बड़े ने बताया कोई उसकी हत्या करके भाग गया है। पुलिस पहुंची तो मां ने कहा हत्यारे को फांसी होनी चाहिए। पुलिस ने सख्ती की तो बड़े ने अपराध स्वीकार कर लिया। यह सुनते ही मां चौंक गई। कहा- तू ही निकला कोख का हत्यारा।

### फरार चल रही नशीली दवाओं की सप्लायर महिला गिरफ्तार, गांजा, सिरप का करती थी सप्लाई

**रायपुर (ए)।** नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल आरोपित मोनिका सचदेव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला पर सिविल लाइन थाने में गांजा, टेबलेट, इंजेक्शन, सीरप बेचने के मामले में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज था। सिविल लाइन थाना प्रभारी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि नशीली दवाओं की सप्लायर महिला काफी समय से फरार थी। सप्लायर महिला लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय थी। उल्लेखनीय है कि रायपुर में नारकोटिक्स सेल के गठन के बाद गत दिनों बड़ी कार्रवाई की गई थी। इसमें रायपुर, ओडिशा सहित अन्य जगहों से नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपितों के पास से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, इंजेक्शन, गांजा बरामद किया गया था। गिरफ्तार आरोपित के तार मोनिका सचदेव से जुड़े थे। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुखिबर की सूचना पर आरोपित को पकड़ा गया है।

### धोखाधड़ी और दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाने की पुलिस ने दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोपित राकेश गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह पचपेड़ी नाका में रहती है। भाठागांव चौक के पास दुकान है। वहीं पर उसका ढ़ाबा चलता है। ढ़ाबा में राकेश गुप्ता वर्ष-2014 से कार्य कर रहा था। वर्ष-2015 में राकेश ने उसकी दुकान को किराए पर लेकर वासुदेव भारत टायर्स के नाम से व्यवसाय शुरू किया। राकेश से जब भी किराए मांगती तो वह इनकार कर देता था। दुकान खाली करने के लिए कहा तो फर्जी बिक्रीनामा तैयार कराकर अपनी मां का होना बताकर कब्जा कर लिया। राकेश गुप्ता ने उसके खाते से भी लाखों रुपये स्थानांतरित कर लिए थे। पीड़िता ने राकेश गुप्ता पर जबरन दुष्कर्म की भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद से आरोपित लगातार फरार चल रहा था।

### घर से मोबाइल चुराने वाला युवक ग्राम केरे से गिरफ्तार

**जशपुर (ए)।** घर घुसकर आईफोन सहित तीन मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने सायबर सेल के सहयोग से तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी के मोबाइल भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस सुत्रों के अनुसार मधुबनटोली निवासी रामेश्वर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 जुलाई की रात को उसके घर से एक आईफोन, एक ओप्पो व एक रियलमी कंपनी का मोबाइल चोरी हो गया है। तीनों मोबाइल घर पर टेबल पर रखे हुए थे। पुलिस ने मामले में पता तलाश करते हुए आरोपी सुखलाल राम निवासी ग्राम केरे को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी के तीनों मोबाइल मिल गए हैं।

## पैसे नहीं देने पर पुलिस वाले ने आरोपी को पीटा, युवक को फंसाकर जेल भेजने की दी धमकी

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। यहां एक आरोपी ने सब इंस्पेक्टर पर उसे लात-घूंसों से पीटने का आरोप लगाया है। इसके अलावा उससे और अन्य 4 आरोपियों से 10 हजार रुपए मांगने का आरोप भी लगाया है। आरोपी युवक ने बताया कि उसे बड़ी धाराओं में फंसाकर जेल भेजने और जमानत नहीं मिलने की धमकी देकर रुपयों की मांग की गई है। रुपए नहीं देने पर उसकी लात-घूंसों से पिटाई की गई। जिससे उसका सिर फट गया है। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार बीते 24 जुलाई को कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम पौंसरा के शराब दुकान में घुसकर युवकों ने सेल्समेन दुर्गा प्रसाद केवट की डंडे से पिटाई कर दी थी। सेल्समेन की रिपोर्ट पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया गया था।

मंगलवार को एसआई गुलाब पटेल ने बचे हुए चार आरोपियों को गिरफ्तारी देने के लिए थाने बुलाया था। इनमें से पौंसरा के आवास पारा निवासी चैन सिंह ठाकुर (30) बुधवार की सुबह 11 बजे सरेंडर करने थाने पहुंचा। इसी दौरान उससे मारपीट की गई है। ऐसा आरोप चैन सिंह ठाकुर ने लगाया है।

### घटना के बारे में किसी को कुछ न बताने के लिए कहा गया

आरोपी चैन सिंह का कहना है कि एसआई



गुलाब पटेल ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई की, जिससे उसका सिर दीवार से टकराकर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। उसकी हालत देखकर थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। उसे फौरन इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। इलाज के लिए लेकर जाते समय उससे कहा गया कि वह घटना के बारे में किसी से कुछ न बताए। सिम्स में भी डॉक्टर से एसआई ने कहा कि वह गिर कर घायल हो गया है। डॉक्टर ने चैन सिंह से पूछा तो उसने अपने साथ हुई मारपीट की घटना की जानकारी दी। हालांकि डॉक्टर ने पर्ची में चोट का कारण गिरना ही लिखा है। उसके सिर में 6 टांके लगे हैं।

### परिजन बोले- अफसरों से करेंगे शिकायत

आरोपी चैन सिंह को जब कोर्ट में पेश किया गया, तब भी उसे चुप रहने के लिए धमकी दी गई थी। उसके सिर में चोट के निशान देखकर परिजनों ने पूछताछ की, तब उसने पूरी घटना की जानकारी दी। इससे परिजन आक्रोशित हैं। उन्होंने पिटाई करने वाले एसआई की शिकायत पुलिस अफसरों से करने की बात कही है।

कोनी टीआई सुखनंदन पटेल ने शराब दुकान में सेल्समेन की पिटाई करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को आरोपी जनक सिंह उर्फ सुजीत को गिरफ्तार किया गया था। उनसे पूछताछ में अपने साथियों का नाम बताया था। इसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पौंसरा के आवासपारा निवासी चैन सिंह ठाकुर, पौंसरा के ही बाजारपारा निवासी राधे धीवर उर्फ छोटू, आल्हा केवट, सेलर के बरभाठा निवासी मुरित राम कश्यप को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वे बाहर थे। इसलिए रुपए मांगने और पिटाई करने की जानकारी नहीं है। एक आरोपी के गिरकर घायल होने की जानकारी मिली थी।

## ठगी रोकने एक्सपर्ट की मदद से लोगों को जागरूक करेगी पुलिस

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही साइबर ठगी को राज्य शासन ने गंभीरता से लिया है। अब प्रदेश में ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए साइबर एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी। इसके साथ ही लोगों को साइबर ठगी से खिलाफ जागरुक करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान भी चलाया जाएगा। दरअसल छत्तीसगढ़ में पिछले तीन साल में ऑनलाइन ठगी के एक हजार से ज्यादा शिकायतें की गई हैं जिसमें से 330 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकांश प्रकरण भी अभी भी लंबित हैं।



ठगी के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश के पांचों संभागों में साइबर थाने खोलने तथा इसके लिए सौ करोड़ रुपए का बजट भी रखा है। पुलिस को साइबर ठगी की शिकायत 1930 पर दी जा सकती है। साथ ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सचेत पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। बैंक द्वारा खाता या एटीएम बंद होने के संबंध में फोन नहीं किए जाते। इसलिए डिजिटल लोन, क्रिप्टो करेंसी, उच्च ब्याज दर का लालच, मल्टी लेवल मार्केटिंग, चिटफंड जैसी चीजों से दूर रहना चाहिए। ठगी की ज्यादातर घटनाएं झारखंड के जामताड़ा से होती थी। लेकिन अब हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों तक फैल गया है। ठगी करने जो कॉल किए जाते हैं, ज्यादातर नंबर फर्जी तरीके से हासिल किए जाते हैं। इस वजह से पुलिस उन नंबरों को जल्द ट्रेस नहीं कर पाती।

### हर महीने 35 लाख की ठगी

राजधानी के अलावा प्रदेश में साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से ठगी कर रहे हैं। हर माह 30 से 35 लाख रुपये की ठगी हो रही है। जानकारों का कहना है कि प्रदेश में हर महीने 500 से ज्यादा लोगों के पास अलग-अलग तरीके से ठगी के कॉल आ रहे हैं इनमें से 25 से 30 फीसदी लोग ठगों के झांसे में आ जाते हैं।

## वन कर्मियों की पिटाई करने वाले 3 ग्रामीण गिरफ्तार



### शारब पीकर दौड़ा-दौड़ाकर मारा था, गांव के लोग बोले-ये महिलाओं को डरा रहे थे

**दंतेवाड़ा (ए)।** दंतेवाड़ा जिले के एक गांव में वन कर्मियों की पिटाई करने वाले तीन ग्रामीणों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि तीनों ग्रामीण शराब के नशे में थे। बेशकीमती लकड़ियों की अवैध तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करने पहुंचे वन कर्मियों को अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर दौड़ा-दौड़ाकर मारा था। इधर, तीनों ग्रामीणों की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों में भी आक्रोश है। पुलिस की इस कार्रवाई को गलत बताते हुए मामले का विरोध अब शुरू हो गया है। मामला किरंदुल थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, इस घटना के बाद वन कर्मियों ने टिकनपाल गांव के पोदिया तांती, जोगा तांती और भीमा तांती इन तीनों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस गांव में पहुंचकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भी भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई का ग्रामीण जमकर विरोध कर रहे हैं। गांववालों का कहना है कि, वन कर्मी नकाब पहनकर गांव के हर घर में घुस रहे थे। महिलाओं को डरा धमका रहे थे। जो बिल्कुल गलत था। यदि लकड़ी के तस्करों पर कार्रवाई करनी थी तो उन्हीं के घर घुसते। यही वजह थी कि सारे ग्रामीण आक्रोश में आए। ग्रामीणों ने भी वन कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### आरोपियों के घर से नहीं मिली लकड़ी

किरंदुल थाना प्राभारी ने बताया कि, मामले की एफआईआर के बाद तीनों आरोपियों को पकड़ने टीम बनाकर टिकनपाल गांव गए थे। जिन तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई थी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुछताछ में पता चला कि तीनों ने शराब पीकर घटना को अंजाम दिया था। इन तीनों के घर की भी तलाशी ली गई लेकिन किसी तरह की कोई बेशकीमती लकड़ी इनके घरों से बरामद नहीं हुई। गिरफ्तार आरोपी जोगा, पोदिया और भीमा को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### यह था पूरा मामला

यह मामला 1 अगस्त का है। वन विभाग के कर्मचारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दंतेवाड़ा जिले के टिकनपाल ग्राम पंचायत में बेशकीमती लकड़ियों का अवैध कारोबार चल रहा है। इसी सूचना पर 4 से 5 लोगों की टीम तस्करों को पकड़ने के लिए गई हुई थी। जब टीम गांव पहुंची तो तस्करों ने गांव वालों को इकट्ठा कर लिया। फिर करीब 30 से 40 ग्रामीणों ने मिलकर वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया था। दो से तीन वन कर्मी अपनी जान बचाकर भाग निकले थे, जबकि 2 कर्मी सिराज पटेल और उमेश नेगी को पकड़कर बेदम पीटा था। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मंत्री के करीबी सरपंच पति की संदिग्ध मौत

## नदी में मिली लाश, शरीर पर चोट और घसीटने के निशान, हत्या की आशंका

**भिलाई (ए)।** दुर्ग जिले में मंत्री रवींद्र चौबे के करीबी सरपंच पति की संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में लाश मिली है। गोताखोरों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला है। जांच करने पर मृतक के शरीर पर चोट व घसीटने के निशान मिले हैं। ऐसे में आशंका है कि उसकी हत्या की गई है।



लिटिया-सेमेरिया चौकी प्रभारी सोमेश सिंह ने बताया कि ग्राम डोड़की व शिवकोकड़ी की सरपंच बीनाबाई निषाद के पति कौशल निषाद (55वर्ष) की लाश मिली है। कौशल बुधवार सुबह 9 बजे बीनाबाई को नहाने जाने की बात बोलकर घर से निकला था। जब वह दोपहर 12 बजे तक घर नहीं लौटा तो परिवार वालों को उसकी चिंता हुई। घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जब वो लोग नदी के किनारे गए तो देखा कि उसका कपड़ा और चप्पल नदी किनारे पड़ा हुआ है। घरवालों ने नदी के आसपास काफी खोजा, लेकिन वह कहीं नहीं मिला।

कौशल के न मिलने से घरवाले काफी परेशान हो गए। उन्होंने गांव वालों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही लिटिया पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। पुलिस ने एसडीआरएफको सूचना देकर गोताखोरों को बुलाया। उन लोगों ने नदी में लगभग 5 घंटे तक तलाश की। जिसके बाद कौशल निषाद की लाश नदी में मिली।

नदी से शव बाहर निकालने के बाद जब उसका पंचनामा किया गया तो पुलिस को मृतक के शरीर में चोट के निशान मिले। कौशल के नाक से खून निकल रहा था। सीने में किसी डंडे या राडनुमा चीज से मारने के निशान थे। उसके शरीर में घसीटने के भी निशान मिले हैं। यह सब देख गांववालों और पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एएसपी ग्रामीण अनंत कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद यह पता चल जाएगा कि मौत कैसे हुई है।

बीनाबाई निषाद जिस शिवकोकड़ी गांव की सरपंच है वह गांव शिव तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है। सावन सोमवार के मौके पर यहां मंत्री रवींद्र चौबे का दौरा था। कौशल निषाद ने पूरे क्षेत्र में मंत्री चौबे के साथ अपना पोस्टर लगवाया था। फ्लैक्सी लगवाने व मंत्री दौरे के दो दिन बाद ही उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने जहां उसकी हत्या की आशंका जताई है। वहीं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जीवन वर्मा और जिला कांग्रेस महामंत्री राजीव सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने इस मामले के दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है।

## बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, खेत में गिरे युवक, एक की मौत

**बालोद (ए)।** बालोद व राजनांदगांव के बॉर्डर संजारी चौकी क्षेत्र में देवबावली चौक से माथुरकसा के बीच बाइक सवार तीन लोग पेड़ से टकरा गए। सभी खेत में गिर गए थे। तीनों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी देवरी में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान विवेक कुमार मंडावी (20) निवासी राजनांदगांव की मौत हो गई। वहीं राहुल सहित दो को हाई सेंटर रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार शाम 4.10 बजे की है। इलाज के दौरान देर शाम को मौत होने की जानकारी मिली है।



अगले दिन डौंडीलोहारा में पीएम के बाद देवरी थाने में मर्ग कायम किया गया। पुलिस के अनुसार बाइक में सवार तीनों युवक राजनांदगांव की ओर से आ रहे थे, तभी बाइक अनियंत्रित हुई और पेड़ से टकरा गए। देवरी के टीआई वीणा यादव ने बताया कि बयान अनुसार मर्ग कायम कर लिए है। हादसे में एक युवक की मौत इलाज के दौरान हुई। वहीं दो घायल हुए हैं।


summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

**खास - खबर**

## लीनेस क्लब ने जरूरतमंदों को दिए ब्रेल सामग्री, मेडिकल बेड और वाशिंग मशीन

**भिलाई।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब की स्थानीय इकाई लीनेस क्लब भिलाई के सेवा एवं सामाजिक कार्य को संपदा सीएम-1 डिस्ट्रिक्ट की प्रेसिडेंट अंजू कटारे ने सराहा है। प्रेसीडेंट कटारे ने एक व 2 अगस्त को लीनेस क्लब का दौरा किया और क्लब के सेवा कार्य में शामिल हुईं। इस दौरान हुई सामान्य सभा में अपने उद्बोधन में अंजू कटारे ने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए विभिन्न जगहों पर सेवा एवं दान के किए गए कार्य की जानकारी ली। क्लब के अध्यक्ष सीमा यादव ने बताया कि उनके डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के आगमन पर स्वागत के उपरांत उनके हाथों सर्वप्रथम दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय में एक ब्रेल पेपर पठन सामग्री एवं राशन दान किया गया। इस पूरे दौरे पर प्रेसीडेंट अंजू कटारे के साथ एरिया अधिकारी नीलिमा दीक्षित ने भी अपना एरिया विजिट किया। दोनों ने विभिन्न जगहों पर सेवा कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान क्लब की ओर से फील परमार्थ वृद्ध आश्रम में मेडिकल बेड एवं राशन तथा सफाई का सामान दिया गया। वहीं विभिन्न शालाओं में जरूरतमंद बच्चों को ड्रेस, कॉपी-किताबें, रेनकोट और पेंसिल-रबर आदि प्रदान किए गए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर चिन्हारी अंतर्गत पात्र / अपात्र की सूची जारी की गई

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दारा गठित समिति द्वारा अनुसंशित, राजस्व विभाग, नगर पालिक निगम दुर्ग, टैक्स संग्रहण एजेंसी (स्पैरो तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ( प्र.म.आ.यो.) के एमआईएस पोर्टल / सीएलएसएस डेटा से मिलान पश्चात पात्र / अपात्र की सूची आपत्ति दावा हेतु जारी की जा रही है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में लिखित रूप से आपत्ति दावा किया जा सकता है। प्रकाशन अवधि के 7 दिवस के उपरान्त किसी भी प्रकार का आपत्ति दावा अमान्य होगा।मोर मकान मोर चिन्हारी अंतर्गत पात्र / अपात्र की सूची को विभागीय वेबसाईड www.municipalcoporationdurg.in में देखा जा सकता है तथा यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

### श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में दिखा शिव भक्ति का अदभुत नजारा

# सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर किया रुद्र महाभिषेक





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 6 सी मार्केट भिलाई में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण व रुद्र महाभिषेक किया गया।

इस दौरान मंदिर परिसर में शिव भक्ति का अदभुत नजारा देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### भोलेनाथ का श्रृंगार कर महाआरती बाद हुआ महाप्रसाद वितरण

दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 6 सी मार्केट में पवित्र सावन माह पर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रुद्र महाभिषेक कार्यक्रम किया गया। इसका शुभारंभ 2 अगस्त को कलश यात्रा के साथ हुआ। इसी कड़ी में 3 अगस्त को मंदिर प्रांगण में सवा लाख बेलपत्र में सीता राम लेखन का विधान पूरा किया गया। आज 4 अगस्त को भगवान भोलेनाथ का रुद्र महाभिषेक एवं श्रृंगार पश्चात महाआरती संपन्न हुई।

श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर मार्केट भिलाई के मुख्य पुजारी पुत्तन महाराज ने बताया कि सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्र महा अभिषेक का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में 3 अगस्त को सवा लाख बेलपत्र में सीताराम लेखन किया गया। 4 अगस्त को रुद्र महाभिषेक एवं श्रृंगार के बाद महाआरती व महाप्रसाद का वितरण किया गया। 5 अगस्त को पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया जाएगा।

## आजादी के अमृत महोत्सवः हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तक होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज



दुर्ग। नगर पालिक निगम /आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के तहत 11 से 17 अगस्त 22 तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि 11 से 17 अगस्त 22 तक पूरे देश के साथ-साथ प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करेंगा।

यह किसी दल का अभियान नहीं है इस अभियान से हर दल, सामाजिक संगठन तथा समाज के हर वर्ग को जोड़े, हर घर तिरंगा अभियान को जन अभियान बनाये। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने 15 अगस्त को हमारा भारत आजादी के 75 साल पूर्ण कर रहा है,इस अवसर पर समस्त शहरवासी से अवसर की भव्य और यादगार बनाने की अपील की है। इसके तहत दुर्ग शहर के प्रत्येक शासकीय-निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, समस्त घरों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों, रेस्टोरेट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पुलिस चौकी, थाना आदि पर तिरंगा झंडा फ्हराया जाएगा।दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में तिरंगा वितरण-बिक्री केंद्रों के माध्यम से तिरंगे की हर घर, कार्यालय तक उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही आमजन को ध्वज संहिता के बारे में जागरूक भी किया जाएगा। इस संबंध में विभिन्न विभागों के माध्यम से उक्त अभियान संबंधित दायित्वों को पूरा कराया जाएगा।

## प्रतिभावान बच्चे देश के भविष्य की उम्मीदें : कुरैशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई सोशल वेलफेयर कमेटी की ओर मुस्लिम समुदाय के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, बाबा फरीद नगर कोहका में रखा गया। इस दौरान पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी व अन्य अतिथियों ने हाल ही में जारी 10 वीं 12 वीं के परिणाम में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बच्चों को सम्मानित किया। पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने इस मौके पर कहा कि ऐसे प्रतिभावान बच्चे ही हमारे देश के भविष्य की उम्मीद है। उन्होंने कमेटी की इस पहल की सराहना की। आयोजन को राज्य सचिव कांग्रेस समिति इरफान खान, युवा नेता अय्यूब खान, राज्य सचिव कांग्रेस समिति स्पोर्ट्स सेल ख्वाजा अहमद, डॉ लाल मोहम्मद, डॉ अहमद हमदानी, अतिरिक्त न्यायधीश रिजवान खान व अधिवक्ता शकील अहमद सिद्दीकी ने भी संबोधित करते हुए आयोजन की सराहना की और बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान जिन बच्चों का सम्मान किया गया उनमें 12 वीं में बुशरा/सलीम अंसारी 74.5, मोहम्मद अदनान/ शेख इलियास 85,शाहिना बानो/इकबाल अली 81, यासमीन कौसर/मोहम्मद कलीम 94.8,आफरीन नाज/सदफ अहमद 74 प्रतिशत अंक के साथ प्रावीण्य सूची में रहे।

### सलाहकार समिति में पार्षदों ने दिए सुझाव

## घर को हॉस्टल बनाकर व्यापार, निगम वसूलेगा कमर्शियल टैक्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** ऐसे आवास को पहले चिन्हित किया जाएगा जो हॉस्टल के रूप में उपयोग किया जा रहा। इसके बाद आवासों से कमर्शियल टैक्स वसूला जाए। उक्त सुझाव राजस्व, बाजार एवं वाहन विभाग के सलाहकार समिति की बैठक में रिसाली नगर पालिक निगम के पार्षद सद्स्यों ने रखे।



राजस्व, बाजार एवं वाहन विभाग के प्रभारी विलास राव बोरकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्षद सद्स्यों का कहना था कि रिसाली निगम क्षेत्र में कई पॉश कालोनी है। यहां कई आवास ऐसे है जहां न केवल मेस सुविधा है, बल्कि बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के ठहरने की सुविधा है। इसके लिए आवास मालिक मोटी रकम लेते है। खास बात यह है कि आवास मालिक व्यापार करने के बाद निगम में कमर्शियल टैक्स जमा नहीं करते। समिति के सद्स्यों का कहना था कि इसके लिए न केवल सर्वे कराया जाए, बल्कि नए सिरे से टैक्स का निर्धारण कराया जाए। बैठक में सभापति केशव बंछोर, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सुनंदा चंद्राकर, शीला नारखेड़े, ओमप्रकाश मिर्झा आदि उपस्थित थे। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में बहुत से भवन और निर्माण कार्य स्वीकृत है। जगह के अभाव में कार्य अटका पड़ा है। राजस्व विभाग सलाहकार समिति के सद्स्यों ने सरकारी जमीन तलाश करने सर्वे कराने का निर्णय लिया। बैठक में आय बढ़ाने पर जोर दिया गया।


## सड़क बाधित कर वाहन को खड़ा रखने वाले कबाड़ी संचालक पर निगम ने लगाया 8000 रुपए जुर्माना

### भिलाई शहर के सार्वजनिक स्थानों से निगम हटा रहा है अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में भिलाई निगम सतत कार्य कर रहा है और इसी कड़ी में अवैध पोस्टर एवं पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं, इस पर भिलाई निगम प्रतिदिन कार्रवाई कर रहा है।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्रियों को आज भी दिन भर हटाने का काम किया गया। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अवैध प्रचार सामग्री एवं बेतरतीब पोस्टर को शासकीय संपत्ति के स्थानों से हटाने के निर्देश अधिकारियों को



दिए हैं। निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में निगम का अमला सड़क किनारे से तथा विद्युत पोल में लगे अवैध प्रचार सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी के साथ ही डिवाइडर के ऊपर लगे हुए अवैध प्रचार सामग्रियों को भी हटाया गया, मुख्य सड़कों के किनारे से कई सारे प्रचार सामग्री हटाए गए। कई पोस्टर एवं प्रचार, सामग्री काफी दिनों से पोल पर लगे हुए थे, कई प्रचार सामग्री तो सड़क के लिए बाधक बन रहे थे, इन सभी पोस्टर, होर्डिंग को निकाला जा रहा है। शहर की सुंदरता को खराब करने वाले पोस्टर जो कि बिना अनुमति के सरकारी संपत्तियों में लगाए गए थे उन्हें हटाने सभी जोन में करवाई हुई। मुख्य सड़कों के डिवाइडर के ऊपर लगे पोल में अवैध पोस्टर को निकालने ट्रैक्टर एवं जेसीबी की भी सहायता ली गई। जो पोस्टर आसानी से निकाले जा सकते थे उन्हें मानव संसाधन से निकाला गया तथा जिन्हें निकालने में कठिनाइयां हुई उनके लिए उचित वाहनों का उपयोग किया गया। शहर के प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति के सरकारी संपत्तियों में प्रचार सामग्री लगाने वालों को नोटिस भी जारी किया जा सकता है, वही जुर्माना भी वसूली हो सकती है। अवैध होर्डिंग, पोस्टर, प्रचार सामग्री के विरुद्ध निगम ने सख्त कार्रवाई का रवैया अपनाया है, आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इधर वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में कबाड़ी वालों के द्वारा दो स्थानों पर सड़क बाधित करते हुए वाहन खड़ी कर दी गई थी, दोनों ही कबाड़ी वालों से क्रमशः 3000 एवं 5000 रुपए कुल 8000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

### वोरा ने अफसरों के साथ किया प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण

# शिवनाथ नदी पर लक्ष्मण झूले के निर्माण से महमरा तट बनेगा पर्यटन स्थल

श्रीकंचनपथ न्यूज

### स्टेनलेस स्टील के साथ कांच की रैलिंग लगेगी

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज लक्ष्मण झूला निर्माण योजना के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग के अफसरों के साथ शिवनाथ तट पर महमरा घाट पहुंचकर वोरा ने जल संसाधन विभाग के अफसरों से प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। ईई सुरेश पांडे ने वोरा को बताया कि इस्टीमेट व डिजाइन आदि का काम हो चुका है। प्रोजेक्ट की ड्राइंग डिजाइन का परीक्षण आईआईटी दिल्ली में किया जा रहा है।



शासन से तकनीकी स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अफसरों ने बताया कि अगले एक साल के भीतर लक्ष्मण झूला का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। वोरा ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में केवल महादेव घाट रायपुर और राजिम में लक्ष्मण झूले का निर्माण किया गया है। इसके अलावा खारून नदी पर एक और लक्ष्मण झूला निर्माणाधीन है। दुर्ग में शिवनाथ नदी के महमरा तट पर राज्य का चौथा लक्ष्मण झूला बनाने की योजना तैयार हो चुकी है।

शीघ्र ही यहां लक्ष्मण झूला का निर्माण कर लिया जाएगा। वोरा ने ट्विनसिटी के नागरिकों को लक्ष्मण झूला की शानदार सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे के प्रति आभार व्यक्त किया है। वोरा ने जल संसाधन विभाग के अफसरों को महमरा गांव छोर पर गार्डन विकसित करने और दुर्ग के इंटेकवेल छोर पर पार्किंग व्यवस्था के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। शिवनाथ नदी तट पर 30 करोड़ की लागत से लक्ष्मण झूला बनाने की योजना को राज्य शासन ने मंजूरी दे दी है। वोरा के आग्रह पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभागीय बजट 22.23 में शहर के लिए इस योजना को शामिल किया है। लक्ष्मण झूला करीब ढाई सौ मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा होगा। डेकोरेटिव डेक के साथ रंगीन लाइटिंग व्यवस्था के साथ लक्ष्मण झूले को बेहद आकर्षक बनाया जाएगा। इंटेकवेल के आसपास ही पार्किंग जोन भी बनाया जाएगा। महमरा छोर पर गार्डन और कैफेटेरिया के साथ फाउंटेन भी बनाया जाएगा। लक्ष्मण झूला का निर्माण पूरा होने पर शिवनाथ नदी का तट रमणीय पिकनिक स्थल बन जाएगा।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950